# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 33.3 डिग्री

न्यूनतम 20.4 डिग्री



जिला पंचायत परिसर के पुराने भवन को तोड़ा गया।

# केवायसी नहीं होने से प्रदेश के 15 लाख उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देश में एलपीजी गैस की कथित मारामारी के बीच एलपीजी कंपनियों ने एक बड़ा कदम उठाया है। लगातार नौ महीने से गैस सिलेंडर नहीं लेने एवं केवायसी नहीं कराने वाले प्रदेश के 15 लाख गैस उपभोक्ताओं के कनेक्शन निष्क्रिय कर दिए गए हैं। अब इन सभी उपभोक्ताओं के द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं ई-केवायसी कराने के बाद ही कनेक्शनों को पुनः सक्रिय किया जा सकेगा।

एलपीजी गैस के उठाव के मामले में लगातार सुस्ती दिखाने वाले उपभोक्ताओं पर देश की तीनों गैस कंपनियों ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। इसके अंतर्गत हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत गैस एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा प्रदेश के पंद्रह लाख गैस कनेक्शनों को निष्क्रिय कर दिया गया है। इन उपभोक्ताओं के द्वारा न तो बीते नौ महीने से गैस का उठाव किया गया था और न ही अपना विधिवत ई-केवायसी ही कराया गया था।

कनेक्शन निष्क्रिय होने के बाद अब इनके द्वारा तब तक गैस की ऑनलाईन बुकिंग या उठाव नहीं किया जा सकेगा, जब तक वे संबंधित एजेंसियों में जाकर आवेदन प्रस्तुत कर अपना ई-केवायसी अपडेट नहीं करा लेते। यह कार्रवाई एक तरह से उन उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा संदेश भी है, जो सरकार की ओर से समय-समय पर जारी की जाने वाली सूचनाओं एवं दिशा-निर्देशों को अनदेखा कर देते हैं। विभाग के अनुसार कनेक्शन निष्क्रिय होने के बाद संबंधित उपभोक्ता अब हरकत में नजर आ रहे हैं, और अपने कनेक्शन सक्रिय करवाने गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने लगे हैं।

## तीनों गैस कंपनियों के उपभोक्ताओं पर बड़ी कार्रवाई







### इसलिए की गई कार्रवाई

वैसे तो अपने हिस्से की गैस समय-समय पर उठाना एवं गैस कंपनियों के निर्देशानुसार समय-समय पर ई-केवायसी करना एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसे सभी उपभोक्ताओं को पूरा करना ही पड़ता है। इसके विपरीत वर्तमान समय में ही इस तरह की कार्रवाई के पीछे एक बड़ी वजह सामने आई है। एक तो इन उपभोक्ताओं ने विगत लंबे समय तक गैस का उठाव ही नहीं किया था, उल्टे अब जरूरत न होने के बाद भी गैस की ऑनलाईन बुकिंग कर इनके द्वारा न केवल पेंडेंसी बढ़ाई जा रही है, बल्कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि गैस की भारी मारामारी है, जबकि ऐसी कोई बात ही नहीं है।

### देश में ढाई करोड़ कनेक्शन निष्क्रिय

बगैर केवायसी एवं लगातार गैस का उठाव नहीं करने के मामले में पूरे देश में की गई कार्रवाई के आंकड़ों पर नजर डालें संख्या ढाई करोड़ के पार जा चुकी है। इन सभी को अब अपने कनेक्शन सक्रिय करवाने के लिए आवेदन देकर न केवल केवायसी कराना होगा, बल्कि समय-समय पर अपने हिस्से की गैस भी उठानी होगी।

### संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई

लगातार नौ महीने तक गैस सिलेंडर नहीं लेने एवं ई-केवायसी नहीं कराने वाले प्रदेश के करीब पंद्रह लाख एलपीजी उपभोक्ताओं के कनेक्शन निष्क्रिय किए गए हैं। कनेक्शन निष्क्रिय होते ही अब इन उपभोक्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में अपने कनेक्शन सक्रिय करवाने लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं। कनेक्शन निष्क्रिय करने की कार्रवाई तीनों एलपीजी कंपनियों हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत गैस एवं इंडेन गैस द्वारा संयुक्त रूप से की गई है।

- **हेमप्रकाश साहू,** नोडल अधिकारी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### एसआई सहित चार पुलिसकर्मियों का तबादला

**बिलासपुर।** 18 मार्च को एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से एसआई संतरा चौहान का पुलिस लाइन से सरकण्डा, आरक्षक राजेश सूर्यवंशी का सिरगिट्टी से सकरी सीसीटीएनएस, प्रहलाद जोशी का बिल्हा से पचपेड़ी सीसीटीएनएस, मुकेश दिव्य का पचपेड़ी से बिल्हा सीसीटीएनएस तबादला किया गया है।

### आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैम्प आज

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी के नये भवन के व्यवसाय मेकेनिक ट्रेक्टर में 19 मार्च की सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से सभी व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी जो 10वीं की नियमित परीक्षा पास हो एवं उक्त दिवस को जिनकी आयु 18 से 28 वर्ष के मध्य हो अपने दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी में संपर्क कर सकते है।

### स्मार्ट सिटी के डाटा सेंटर की फाल सीलिंग गिरी



**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड बिलासपुर का बंद कमरे की सीलिंग बुधवार की दोपहर अचानक भसक गई। दरअसल नगर निगम विकास भवन के थर्ड फ्लोर में डाटा सेंटर का आफिस है। करीब 7 महीने पहले इस आफिस को बंद करते हुए यहां खाली पड़ी टेबल कुर्सियां रखवा दी गईं थी। तब से इस परिसर को लॉक कर दिया गया था। कई बार इस कमरे को खोलने की कोशिश हुई लेकिन किन्ही कारणों से इसे नहीं खोला जा सका। बुधवार को जब इस कमरे को खोला गया तो डाटा सेंटर का पूरा फाल सीलिंग अचानक भषक कर नीचे गिर पड़ा। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि जैसे ही कमरा खुला स्मार्ट सिटी के स्मार्ट कुर्सियों की लुट मच गई। नगर निगम के लगभग सभी विभागों के स्टाफ कुर्सियां अपने कमरे में ले जाते देखे गए।

### बदली-बारिश के प्रभाव से मौसम में ठंडक



**बिलासपुर।** शहर में मंगलवार की रात हुई बारिश के प्रभाव से बुधवार को सूरज की तपिश कुछ कम महसूस की गई। सुबह से आसमान पर बादल छाए रहे, जिससे तापमान में भी कमी दर्ज की गई। मौसम में बदलाव से शहरवासियों को राहत महसूस हुई। मौसम में आए आंशिक बदलाव के कारण शहर में तेज गर्मी का असर कुछ कम रहा। मंगलवार को शहर में पूरी रात बादलों की गर्जना के साथ रूक-रूककर बारिश होती रही। बारिश का सिलसिला सुबह तक चलता रहा। मंगलवार की रात हुई बारिश का असर शहर में बुधवार को भी रहा। आमतौर पर सुबह आठ बजे से ही तेज महसूस होने वाली धूप गायब रही। सुबह आसमान पर बादल छाए रहे, जिससे धूप का असर कम देखा गया। यह स्थिति पूरे दिन बनी रही। हालांकि धूप निकली थी, लेकिन बदली के असर से इसका प्रभाव कम रहा। बुधवार को शहर में कहीं भी बारिश होने की जानकारी नहीं मिली है। शाम को भी मौसम में ठंडक बनी रही। बदली व बारिश होने के बाद भी मौसम में उमस नहीं थी।

## इसे कहते हैं रामराज : सवाल यही है क्या जिले से नकल पूरी तरह खत्म हो गई

# 6 उड़नदस्ते, 30 अधिकारी, 240 केन्द्रों का निरीक्षण, पर एक भी नकल नहीं पकड़ सके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षा में नकल पर नकेल कसने के लिए जिले में 6 उड़नदस्ता दल बनाए गए थे। कुल मिलाकर 30 सदस्य इस टीम में शामिल थे। शिक्षा विभाग के मुताबिक अधिकारियों ने कुल 240 केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान शहर के साथ ही ग्रामीण परीक्षा केन्द्रों में भी टीम पहुंची। बोर्ड परीक्षा समाप्त हो गई है, लेकिन एक भी नकल प्रकरण बनाने में टीम को सफलता नहीं मिली। उड़नदस्ता दल बनाने के साथ ही वाहनों के डीजल-पेट्रोल पर लाखों खर्च भी किए गए। दूसरी ओर अंबिकापुर और दूसरे जिलों में नकल के प्रकरण लगातार बने। अब कहा जा रहा है कि बिलासपुर में नकल हुई ही नहीं तो पकड़ते कैसे। सवाल यही है क्या जिले से नकल पूरी तरह खत्म हो गया है।

10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होन के बाद कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। अब 130 केंद्रों में नकल पकड़ने की जिम्मेदारी संभालने वाले 6 उड़नदस्तों के काम की चर्चा शिक्षा विभाग में होने लगी है। आरोप तो यह भी लग रहे हैं कि उड़नदस्ता दल ग्रामीण केन्द्रों तक पहुंचा ही नहीं, जहां नकल की अधिक शिकायतें मिलतीं रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि उड़नदस्ता दलों ने शहर में घूम फिर कर ही निरीक्षण की रस्म अदायगी कर ली। ध्यान रहे कि इसके पहले ऐसा भी हुआ कि प्रदेश भर के तमाम क्षेत्रों से नकल पकड़ने की खबरें आती रहीं लेकिन बिलासपुर में बोर्ड परीक्षा निपटने के बाद भी एक भी नकल प्रकरण नहीं बना।




### इस बार कोई होम सेंटर नहीं

बोर्ड परीक्षा में इस साल होम सेंटर नहीं बनाया गया था। दरअसल पिछले साल छात्र जिस स्कूल में पढ़ते थे वहीं परीक्षा दी थी। इस साल लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मतलब कि जो विद्यार्थी दसवीं-बारहवीं की जिस स्कूल में पढ़ाई कर रहा था, उसने इस साल अपने स्कूल में बोर्ड की परीक्षा नहीं दी।

### संवेदनशील केन्द्रों में भी जांच नहीं

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 130 केन्द्र बनाए गए थे। इसमें नकल को लेकर मस्तूरी क्षेत्र के कुछ एक केन्द्रों को संवेदनशील माना गया था। हालांकि अतिसंवेदनशील की श्रेणी में जिले में एक भी केन्द्र नहीं था। शिक्षा विभाग का तर्क यह है कि बीते कई सालों से जिले में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना है, इसलिए संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्रों की लिस्ट कम की गई। उड़नदस्ता दल ने हालांकि संवेदनशील केन्द्रों की भी ठीक से जांच नहीं की। ज्ञात हो कि पिछला दो साल कोरोनाकाल का भी रहा है। उसमें किस तरह से परीक्षा हुई थी, यह सभी को पता है।

### नहीं बना है नकल प्रकरण

10 वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षा में नकल पर नकेल कसने के लिए जिले में 6 उड़नदस्ता दल बनाए गए थे। कुल मिलाकर 30 सदस्य इस टीम में शामिल थे। शिक्षा विभाग के मुताबिक अधिकारियों ने कुल 240 केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। फिलहाल तो एक भी नकल प्रकरण नहीं बना है।

- **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी



बुधवार को दयालबंद के गोदाम में छापामार कार्रवाई करती टीम।

### खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

# लावारिस दुकान से 363 नग गैस सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के मामले में खाद्य विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। विभाग की टीम ने बुधवार को दयालबंद के एक गोदाम में छापामार कार्रवाई की, जहां भीतर रखे 363 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर लिए गए। जब्त सिलेंडरों में सौ नग सिलेंडर 14 किलोग्राम वाले थे, वहीं 263 किलोग्राम वाले पांच सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

अमेरिका-इजराईल व ईरान के बीच चल रहे जंग के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को सामान्य रखने के लिए सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रयास हर हाल में घरेलू गैस की कालाबाजारी को रोकने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है। बुधवार को सूचना के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने मधुबन मुक्तिधाम के पास दयालबंद में छापामार कार्रवाई की। यहां एक दुकान नुमा गोदाम में छिपाकर 14. 2 किलोग्राम के सौ नग सिलेंडर रखे गए थे। इसी तरह पांच किलोग्राम वजनी 263 सिलेंडरों की भी जब्ती की गई।



■ संचालक फरार, कोई नहीं आया सामने

टीम को गोदाम के भीतर गैस सिलेंडरों के अलावा आठ बोरियों में चूल्हा-बर्नर, छह कार्टूनों में रेगुलेटर एवं खुले में रखे गए 25 नग प्रेशर वॉल जब्त करने में सफलता मिली है। लगातार चल रही छापामार कार्रवाई के अंतर्गत यह कार्रवाई खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

खाद्य विभाग की टीम ने दयालबंद में एक ही स्थान पर छोटे-बड़े मिलाकर 363 सिलेंडरों की जब्ती की है। कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति के सामने नहीं आने के कारण लावारिस का प्रकरण दर्ज किया गया है। कालाबाजारियों के खिलाफ छापामार कार्रवाई अभी लगातार जारी रखी जाएगी।

- **अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

# छत्तीसगढ़, गोंडवाना सहित 14 ट्रेनें 5 अप्रैल से रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 लाइन नंबर-5 पर वॉशेबल एप्रन का डिस्मेंटलिंग एवं बैलेस्टेड ट्रैक में रूपांतरण कार्य करने हेतु ब्लॉक लिया जाएगा जिससे 14 एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। इसमें कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर तक जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और रायगढ़ से निजामुद्दीन के बीच चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस के पहिए 20 दिनों तक थमे रहेंगे।

जोन मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-5 प्लेटफॉर्म-3 पर स्थित वॉशेबल एप्रन को डिस्मेंटलिंग कर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने के लिए कार्य किया जाएगा जिसके लिए गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर 5 अप मेन लाइन पर 20 दिनों तक यातायात आवागमन बंद रहेगा। ब्लॉक कार्य की अवधि 5 से 24 अप्रैल तक होने से कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। वहीं 68802 गोंदिया बल्लारशाह पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी एवं गोंदिया-हिरदामाली के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68803 बल्लारशाह-गोंदिया पैसेंजर 5 से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी एवं हिरदामाली-गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68804 गोंदिया-बल्लारशाह पैसेंजर 5 से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित करने के बाद गोंदिया - हिरदामाली के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68805 चांदाफोर्ट-गोंदिया पैसेंजर 5 से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी एवं हिरदामाली - गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68806 गोंदिया-वड्सा पैसेंजर 5 से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी एवं गोंदिया - हिरदामाली के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 4 अप्रैल से 25 अप्रैल तक दुर्ग में नियंत्रित की जाएगी एवं दुर्ग-गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस 5 से 26 अप्रैल तक दुर्ग में नियंत्रित की जाएगी एवं गोंदिया-दुर्ग के मध्य रद्द की जाएगी।

### 20 दिनों तक बंद रहेगा ट्रेनों का परिचालन



## ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पहुंचे शहर

# गौरक्षा की आवाज दबाई गई, कालनेमियों से सनातन धर्म पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि जो सत्तारूढ़ पार्टियां 9 साल से सत्ता का सुख भोग रही हैं, वे अब तक गौ-रक्षा के लिए ठोस काम नहीं कर पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि गौ-रक्षा की मांग उठाने के कारण उनकी आवाज दबाने की कोशिश हो रही है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को अल्प प्रवास पर चकरभाठा स्थित निर्माणाधीन परशुराम भवन पहुंचे, यहां पूजन व आरती के पश्चात बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने उनका अशीर्वाद लिया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने गौरक्षा, सनातन धर्म व राजनीतिक दलों पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मंच पर नेता बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है, जो सत्तारूढ़ पार्टियां 9 साल से सत्ता का सुख भोग रही हैं, वे अब तक गौ-रक्षा के लिए ठोस काम नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा कि वे लगातार गौ रक्षा की बात उठा रहे हैं, फिर भी सरकारें इस दिशा में ठोस कदम उठाने से बच रही हैं। देश में बढ़ते ध्रुवीकरण पर उन्होंने कहा कि एकता आवश्यक है, लेकिन ध्रुवीकरण भी पूरी तरह गलत नहीं, बशर्ते वह समाज और गौधर्म के हित में हो। उन्होंने कहा कि जब ध्रुवीकरण स्वार्थ और राजनीति के लिए होता है, तब वह नुकसानदेह बन जाता है।

सनातन पर उठ रहे सवालों के जवाब में उन्होंने स्पष्ट कहा कि सनातन धर्म पर खतरा है, लेकिन यह खतरा किसी बाहरी शक्ति से नहीं, बल्कि उन्हीं लोगों से है जो भीतर रहकर उसे कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों को "कालनेमी" बताया और इनसे सावधान रहने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि गौ-रक्षा की मांग उठाने के कारण उनकी आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। शंकराचार्य ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टियां हिस्ट्रीशीटरों का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन यह आवाज किसी भी हाल में दबने वाली नहीं है।



### सत्ता के साथ खड़ा संत चाटुकार

शंकराचार्य ने संत समाज की भूमिका पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जो संत सत्ता के करीब रहता है, वह संत नहीं बल्कि चाटुकार और अवसरवादी होता है। असली संत वही है जो समाज के साथ खड़ा हो। संत का कार्य समाज को दिशा देना है, ना कि सरकार के साथ रहकर उनकी प्रशंसा करना।

### नेताओं के नीयत में खोट

योगी आदित्यनाथ को लेकर उन्होंने कहा कि उनका किसी से व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। लेकिन अगर कोई गौ-रक्षा के नाम पर समर्थन ले और काम न करे, तो उसका विरोध करना स्वाभाविक और अधिकार है। शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने 40 दिनों के भीतर हिंदू होने का प्रमाण देने की चुनौती दी थी। लेकिन वह प्रमाण सामने नहीं आया। इसलिए यह स्पष्ट हो गया कि वे खुद को सिद्ध नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि नेताओं की नीयत में खोट है। गौ-रक्षा अब आस्था का विषय नहीं, बल्कि वोट लेने का माध्यम बन गई है। धरातल पर काम की बजाय भाषण ज्यादा दिखाई देते हैं।

### यूजीसी कानून का किया विरोध

स्वर्ण यूजीसी कानून पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह हिंदू समाज को विभाजित करने की सोची-समझी रणनीति है। इसे राष्ट्रद्रोह जैसा कदम बताते हुए उन्होंने इसके क्रियान्वयन का विरोध किया। राजनीति के चरित्र पर उन्होंने कहा कि यहां कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता। जो काम बना दे वही मित्र, बाकी सब परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं।

## खबर संक्षेप

### एआईपीएनबीपीए और एआईपीएनबीओए एक सिक्के के दो पहलू : ललित



**बिलासपुर।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर ईकाई के अध्यक्ष सुरेंद्र चावडा, सचिव रूपरतन, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, पार्थो घोष, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या त्रिपाठी, सह सचिव रवि पटनायक, उप कोषाध्यक्ष असगर खान तथा कार्यकारिणी के सदस्य प्रदीप विश्वास, रवि टंडन, राम कुमार जायसवाल ने ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स असोसिएशन बिलासपुर के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष ओमी वर्मा, सचिव गजानन राठौर, कोषाध्यक्ष अवनीश पांडे, उपाध्यक्ष सुकेश, सहसचिव अमित कुमार से सौजन्य भेंट कर नई कमेटी बनने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आपसी तालमेल बनाए रखने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री गजानन ने सेवानिवृत साथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि बैंक मे किसी भी सेवानिवृत साथी को कोई भी तकलीफ होने नही देंगे। इसके साथ ही सेवानिवृत साथियों का अनुभव का लाभ हमे मिलते रहने से आफिसर साथियों को काफी मदद मिलेगी। सेवानिवृत साथियों की ओर से सचिव रूप रतन ने आश्वासन दिया कि सेवानिवृत साथी हर समय सहयोग देने हेतु तत्पर रहेंगे।

### कोयला खान मजदूर संघ की वार्षिक आमसभा संपन्न




**बिलासपुर।** कोयला खान मजदूर संघ की पांचवीं वार्षिक आमसभा एवं अधिवेशन सिंगरौली के एनएसएल जयंत में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय आयुक्त कोयला खान भविष्य निधि संगठन नवीन निशचल, सिंगरौली एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। केंद्रीय अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं एके सिंह के संचालन में चली इस सभा में अतिथियों का स्वागत एनसीएल महामंत्री पीके पाण्डेय ने किया। अधिवेशन में मजदूर हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए। सीपीआरएम एसएनई को चिकित्सा व्यय की वार्षिक सीमा 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 75 हजार रुपए करने और कोभरेज 30 लाख रुपए करनें, पेंशन गणना में एसडीए को वेतन में शामिल करने और हर 3-5 वर्ष में पेंशन रिवाइज करनें प्रस्ताव, ग्रेच्युटी भुगतान 1 जनवरी 2017 से 20 लाख रुपए और 5 जनवरी 2026 से कर्मचारियों को 25 लाख रुपए करने, सीएमपीएफओ ट्रस्टी बोर्ड तथा सीपीआरएमएसएनई में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। महेन्द्र प्रताप सिंह ने सीआईएल कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में विभेद को तत्काल रोककर सुधार करने कि मांग की। त्रिवार्षिक राष्ट्रीय कार्यसमिति का 2026-2028 के लिए पुनर्गठन भी किया गया। अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री शम्भू विश्वकर्मा, अमरेश सिंह, प्रकाश राय, अमरेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष रामअवतार आलमकर, संयुक्त महामंत्री अशोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष एसके रामगोपाल, प्रचार प्रसार मंत्री प्रदीप वाजपेयी, संगठन मंत्री अनिल बंडियार, मंत्री अरुण सिंह, एसपी कुंडू, किशोर हारदाह को बनाया गया। कार्यसमिति में विलासपुर के अशोक शर्मा तथा भक्तिमय चौधरी निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्माओं को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### अमरजीत ने विधायक अमर के प्रति आभार जताया



**बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश संगठन में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर अमरजीत सिंह दुआ ने प्रदेश संगठन का आभार जताया और राजधानी में पूर्व मंत्री तथा विधायक अमर अग्रवाल से मुलाकात कर उनका आभार जताया। प्रदेश भाजपा में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर बुधवार को रायपुर में अमरजीत सिंह दुआ ने विधायक अमर अग्रवाल के निवास में मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश भाजपा में संगठन की मजबूती के लिए सभी मिलकर काम करें। बिलासपुर जिले में भी बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए अमरजीत सिंह दुआ को दिशा निर्देश दिए हैं। श्री दुआ ने आश्वस्त किया है कि जिस तरीके से पूर्व में हुए संगठनमें विधायक अमर अग्रवाल के निर्देश पर काम कर रहे हैं। उसी तरह आने वाले समय में भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय और संगठन के पदाधिकारी के साथ मिलकर काम करेंगे।

सदस्य ने अध्यक्ष को कहा निष्क्रिय, अध्यक्ष ने दिया जवाब, सामान्य सभा में गरमाया माहौल

# जिपं सामान्य सभा में बवाल, अध्यक्ष सदस्य के बीच हुई जमकर बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिला पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा के दौरान के जमकर बवाल मचा। बैठक के दौरान महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को लेकर चर्चा चल रही थी तभी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और सदस्य दामोदर कांत के बीच तू-तड़ाक बहसबाजी से माहौल गरमा गया।

जिला पंचायत में सामान्य सभा बैठक के अंतिम में बवाल खड़ा हो गया। बैठक में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी विभाग के गतिविधियों, कार्यों की जानकारी से सदन को अवगत करा रहे थे और उन्होंने जैसे ही बताया कि 109 आंगनबाड़ी भवन निर्माण स्वीकृत हुए हैं, इतना सुनते ही जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत हल्ला मचाने लगे और अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की ओर उंगली दिखाते हुए कहा कि अब कैसे नए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हो गया। अध्यक्ष महोदय आप निष्क्रिय है दबाव नहीं बना पाते, हम लोगों को बताया कि नए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत नहीं हो रहा है तो फिर कैसे स्वीकृत हो गया। निष्क्रिय कहे जाने और अपने ऊपर सदस्य दामोदार कांत को चढ़ाई करते देख जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी भी भड़कते हुए सदस्य को चुप रहने कहा। दामोदर कांत के बगल में बैठे कांग्रेस के सदस्य राजेन्द्र धीवर ने दामोदर कांत का पक्ष लेते हुए अध्यक्ष को कहा कि अध्यक्ष महोदय आप इस तरीके से बात नहीं कर सकते। इस तरह तू-तड़ाक, बहसबाजी से सामान्य सभा का माहौल कुछ देर के लिए गरमा गया। बाद में बैठक में उपस्थित बाकी लोगों ने स्थिति को संभाला और माहौल शांत होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को कहा कि ब्लॉक, जनपद पंचायत से आंगनबाड़ी भवन के लिए प्रस्ताव आता है तो संबंधित सदस्यों को भी जानकारी दिया करें। उल्लेखनीय है कि दामोदार कांत मस्तूरी क्षेत्र से निर्दलीय सदस्य के रूप में जिला पंचायत आए हैं बाद में उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव के समय कांग्रेस को अपना समर्थन दे दिया था।

### अवैध उत्खनन, परिवहन मामले में सदस्यों ने मचाया हल्ला

जिला पंचायत सामान्य सभा में खनिज विभाग से संबंधित खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन के मामलों को लेकर बहुत देर तक चर्चा हुई और कई सदस्यों ने इस मुद्दे पर काफी हल्ला मचाया। बिल्हा क्षेत्र में मुरुम की अवैध उत्खनन को लेकर सदस्यों ने खनिज अधिकारी को घेरा। खनिज अधिकारी ने सबीना ने बताया कि वहां पर कई बार कार्रवाई कर जुर्माना किया जा चुका है। मुरुम खोदाई बंद कराकर आते हैं उसके बाद फिर मशीन लगाकर खोदाई चालू कर दी जाती है। इसी तरह कोटा क्षेत्र में लीज से अधिक क्षेत्र में पहाड़ पर खोदाई का मामला भी उठाया गया। रेत को लेकर सदस्यों का कहना था कि जहां पर लीज नहीं है वहां पर रेत की अवैध उत्खनन, परिवहन बंद होना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने यह सुझाव दिया कि जनपद, ग्राम पंचायतों में जितना काम चल रहा है उसके हिसाब से रायल्टी लेकर रेत निकालने दिया जाए, किन्तु पंचायत के कार्यो के नाम अवैध रूप से रेत उत्खनन, परिवहन न करने दिया जाए।

# सिम्स में 20 बेड की अत्याधुनिक सुविधा शुरू



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैजुअल्टी वार्ड का व्यापक रिनोवेशन कर उसे पूरी तरह नए स्वरूप में शुरू किया गया है। नव निर्मित कैजुअल्टी वार्ड में 20 बेड की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर सिम्स के अधिष्ठाता डॉ.रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ.लखन सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ.भूपेंद्र कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने नव-निर्मित कैजुअल्टी वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिष्ठाता द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लगभग 20 साल पुराने कैजुअल्टी वॉर्ड को संजोते हुए उसके संसाधनों एवं आवश्यक सामान के साथ नए कलेवर में पुनः प्रारंभ किया गया, जो इस नव-निर्माण को विशेष महत्व प्रदान करता है। डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह नया कैजुअल्टी वार्ड मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार देने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक उपकरणों, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण एवं सुव्यवस्थित बेड व्यवस्था के साथ इस वार्ड को तैयार किया गया है, जिससे गंभीर मरीजों के उपचार में तेजी लाई जा सके। इस अवसर पर डॉ. सुनील पेंद्रो, इंजी.उत्कर्ष शर्मा आशुतोष शर्मा, गरीमा पाण्डेय, स्वाति कुमार, राजकुमारी चौहान, पिंकी दास, सिस्टर उज्जवला दास एवं इंचार्ज सिस्टर संगीता नेम ने नई कैजुअल्टी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुष्पलता शर्मा, सोमनाथ चंद्राकर, वर्षा बेक एवं चंचल सहित समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि सिम्स प्रशासन लगातार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और भविष्य में भी अस्पताल की सुविधाओं को और उन्नत किया जाएगा।

## सीएमडी कालेज में प्रेरणा दिवस के रूप में मना पं. दुबे का जन्मदिन



**बिलासपुर।** सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शासी निकाय के पूर्व अध्यक्ष स्व.पं.भागवत प्रसाद दुबे का जन्मदिवस 18 मार्च महाविद्यालय के सभागार में प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ.पं. संजय दुबे ने स्व.पं.भागवत प्रसाद के व्यक्तित्व के दुर्लभ गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि वे दृढ़ निश्चयी थे। कठिन परिस्थितियों में भी वे अविचलित रहकर संयमित और संतुलित आचरण करते थे।

उन्होंने कभी भी अपने पद का स्वयं के लिए उपयोग निये किए वे अनाम रह कर अच्छे कार्य करना पसंद करते थे। नागरिक सहकारी बैंक के सदस्य थे सदस्य थे साथ ही शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में ही नहीं बीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष के रूप में भी उनका कार्यकाल निष्पक्षता और पारदर्शिता का उदाहरण रहा है। उनका सदैव यह विचार रहा कि किसी भी टीम का नेतृत्व करने में आगे बड़ना चाहते हो। यह अपनी वर्तमान भुमिका में प्रासंगिक बने रहना चाहते हो तो सफलता के लिये लगातार सीखते रहना या उस क्षेत्र पर संघर्षरत रहना जरूरी है। ऐसा न करने से आप प्रतिपस्पर्धा के दौर में पीछे छुट जायेंगे। हालाकि कि कई व्यक्ति दिन भर की थकान के कारण समय और ऊर्जा के लिये संघर्षरत रहते है। शासी निकाय के सदस्य एसपी चतुर्वेदी ने कहा कि लोग एक-दूसरे के जीवन में न जाने कितनी ही आशाओं और जिज्ञासाओं को साथ लेकर आते है और समय के अनुरूप व्यवहार, सपने और अनछुई भावनायें साझा करते हैं। ऐसे व्यक्तित्व में से एक स्व.पं.भागवत प्रसाद दुबे रहे, जिनमें मानवीय अनुभव से व्यक्तिगत रिस्ते, प्रगाढ़ हुये, उनमें शक्ति, मुस्कुराहट और आशओं का संचार सदैव उनके व्यक्तित्व में झलकता रहा। सीएमडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.संजय सिंह ने कहा कि स्व.पं.भागवत प्रसाद दुबे का जीवन हम सब के लिये सदैव प्रेरणादायक रहा है। उनके जन्म दिवस को प्रेरणा दिवस कहा जाना सर्वथा सार्थक है, उनका जीवन और कार्य सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर पं.महेश दुबे, सत्यप्रकाश चतुर्वेदी, एनके वर्मा, अमन दुबे, श्रीमती अंजली चतुर्वेदी दुबे शासी निकाय के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.केके जैन ने किया।

विशेष सहयोग राजकुमार पण्डा शिक्षा संकाय, महाविद्यालयीन कलेश्वर सिंह राजपूत, प्रवीण गुप्ता आदि का रहा। इस दौरान शहर के वृद्धाश्रमों में स्व.पं.भागवत प्रसाद दुबे की स्मृति में डॉ.पं.संजय दुबे तथा दुबे परिवार के सदस्यों के द्वारा भोजन एवं फलों का वितरण किया गया।

## विज्ञान महोत्सव में प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

**बिलासपुर।** शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में भौतिकी विभाग की फिजिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान महोत्सव विज्ञानोवा का भव्य समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

16 से 18 मार्च तक आयोजित इस महोत्सव ने विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध आयामों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। तीनों दिनों तक चले इस आयोजन में शैक्षणिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। महोत्सव के प्रथम दिवस पर फन फेयर, ओपन माइक तथा विज्ञान आधारित अनेक रोचक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के




साथ भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता एवं प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस पर आयोजित मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत वैज्ञानिक मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही एग ड्रॉप चैलेंज एवं ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं टीम भावना को सुदृढ़ किया। इन गतिविधियों ने न केवल प्रतियोगिता का वातावरण बनाया, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया। यह संपूर्ण आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डीपी साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संपन्न हुआ। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ.केपी तिवारी के निर्देशन तथा प्राध्यापक प्रभारी उषा राठौर एवं डॉ.शशिकांत राठौर के सक्रिय सहयोग से इस महोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई और इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त भौतिकी विभाग के अन्य प्राध्यापकगणों ने भी विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्य अतिथि के रूप में आलोक श्रीवास्तव तथा विशेष अतिथि के रूप में राज शंकर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा तिवारी उपस्थित थे।

## नगरीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग से 195 करोड़ जारी

बिलासपुर। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 194 करोड़ 93 लाख रुपए जारी किए हैं। इस राशि से राज्य के 139 नगरीय निकायों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। 15वें वित्त आयोग के तहत 116 करोड़ 96 लाख रुपए टाइड ग्रांट के रूप में प्राप्त हुए हैं, जिनका उपयोग मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों में किया जाएगा। इससे शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार होगा। भारत सरकार द्वारा 77 करोड़ 97 लाख रुपए का अनटाइड ग्रांट भी जारी किया गया है। यह राशि शहरों में सड़क, नाली और अन्य आधारभूत ढांचे के विकास पर खर्च की जाएगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 15वें वित्त आयोग की राशि जारी करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार शहरों के विकास और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए समन्वित रूप से पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध करा रही है। इससे शहरों को अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और नागरिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने के कार्यों को तेजी मिल रही है। राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र और सतत विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्राप्त राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## मोदी की गारंटी लागू करने जिला फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** 11 सूत्रीय मांग मोदी की गारंटी लागू करने के लिए फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर जिला फेडरेशन बिलासपुर ने आज विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को जिला कलेक्टर द्वारा रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।



फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ.बीपी सोनी एवं महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि जन घोषणा पत्र में किए गए वादे पूरे नहीं किए जाने से नाराज प्रदेश के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने फेडरेशन के 11 सूत्रीय मांग की है। इसमें वर्ष जुलाई 2016 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करना, अर्जित अवकाश, नगदी करण 300 दिवस करना, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान, विभिन्न संवर्गो के वेतन विसंगति को दूर करना, सहायक शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को त्रिस्तरीय समय मान वेतनमान दिया जाना, अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू किया जाना,आदि मांग शामिल है। जिला फेडरेशन के पदाधिकारी सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी पुराने कंपोजिट बिल्डिंग में रजिस्ट्री कार्यालय के सामने प्रांगण में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे तथा वहां फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने 11 सूत्रीय मांगों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में जीआर चन्द्रा, रोहित तिवारी, पवन शर्मा, डॉ.बीपी सोनी, राकेश गुप्ता, सुनील कौशिक, किशोर शर्मा, सुनील यादव, चंद्रशेखर पांडेय, मोहन रात्रे, राजेंद्र दवे, रंजीत बघेल, उमेश कश्यप, विकास कायरवार, हिमाचल साहू, अशोक ब्रह्मभट्ट, महेंद्र तिवारी, अरुण पांडेय, राजेश टंडन, आलोक परांजपे, राजेश पांडेय, रमेश द्विवेदी, राजेश्वर वस्त्रकर, शैलेंद्र सिंह, अमरू साहू, नागेंद्र शर्मा, आरपी परिहार, विजय तिवारी, कैलाश गजभिए, ईश्वर पाठक, सुरेश ठाकुर, ओम त्रिपाठी, दुर्गेश साहू, रामजी ध्रुव, चलमेश्वरी राव, रेणुका बंसियार, अशोका बंजारे, शेफाली पांडे कुसुम कांता तिर्की, रामेश्वरी सिंह, श्वेता द्विवेदी आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

## देवी मंदिरों में इस बार 8 दिनों की विशेष पूजा

- अष्टमी, नवमी एक साथ 26 को मनाई जाएगी





# शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि आज से

शहर के काली मंदिर तिफरा, हरदेव लाल मंदिर, शीतला मंदिर लिंकरोड तिराहा, सतबहनिया मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में गुरुवार 19 मार्च से शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। घट स्थापना अभिजित मुहुर्त सुबह 6:52 से 7:43 तक की जाएगी। अष्टमी, नवमीं 26 मार्च को एक साथ रहेगी। इसी दिन हवन भी होगा और कन्या भोजन भी कराया जाएगा। राम नवमीं की भी धूम रहेगी।





**बिलासपुर।** इस वर्ष तिथियों की संयोग के कारण नवरात्रि 8 दिनों की होगी। जिसमें अष्टमी व नवमीं 26 मार्च को एक साथ मनाई जाएगी। नवरात्रि का पारण 27 मार्च को होगा। मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी। नवरात्रि के पहले तीन दिन पंचक का साया रहेगा, जो 21 मार्च तक चलेगा। अभिजीत मुहूर्त में सुबह पूजा नहीं कर पाने पर दोपहर 12:05 से 12:53 के बीच कलश स्थापित की जा सकती है। नवरात्रि के पहले दिन विशेष संयोग बन रहा है।

नवरात्र का पहला दिन मां शैलपुत्री की आराधना और कलश स्थापना को समर्पित है। 19 मार्च को चंद्रमा और सूर्य दोनों ही मीन राशि में गोचर करेंगे। जिससे एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इस दिन शुक्ल योग रहेगा, जो किसी भी नए कार्य की शुरुआत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

## हिंदू नववर्ष आज से, निकलेगी शोभायात्रा

हिंदू नववर्ष (2083) की शुरूआत गुरूवार से हो रही है, इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 4 बजे से पुलिस ग्राउंड से शोभायात्रा निकाली जाएगी। नव वर्ष पर विशाल शोभा यात्रा निकाली जा रही है, जिसकी भव्यता हर साल बढ़ती ही जा रही है। इसकी तैयारी में बिलासपुर को भगवा रंग से रंग दिया गया, सभी प्रमुख चौक चौराहों में भगवा तोरण और स्वागत द्वार बनाए गए, जगह-जगह मंच बनाया गया है।




## षोडषोपचार पूजा के साथ होगा दुर्गा शप्तशती का पाठ

शहर के सभी देवी मंदिरों में इस नवरात्रि भी श्रद्धालु भक्तों द्वारा कलश का प्रज्जवलन कराया जा रहा है। लिंक रोड तिराहा स्थित श्री शीतला मंदिर में सौ से अधिक कलश का प्रज्जवलन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी आचार्य पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन माता की षोडषोपचार पूजन कर दुर्गा शप्तशती का पाठ किया जाएगा। शाम को मां की पुष्पांजलि कर क्षमा याचना की जाएगी। वहीं शहर के काली मंदिर तिफरा में 4 हजार, मां त्रिपुर सुंदरी मरीमाई मंदिर रेलवे में 15 सौ, भैरव बाबा मंदिर रतनपुर में 11 सौ, सतबहनिया मंदिर बंधवापारा में 1001, काली मंदिर कुदुदंड में 251, दुर्गा मंदिर जरहाभाठा में 300, हरदेव लाल मंदिर में 251, दक्षिणेश्वर काली मंदिर डबरीपारा में 150, दुर्गा मंदिर पुलिस लाइन में 101, पीतांबरा पीठ सरकंडा में 108, लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार में 51 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होगा।

## समाज की सुख-समृद्धि के लिए जलाए जाते है कलश

गायत्री मंदिर चांटीडीह में मनोकामना के बजाय प्रदेश के कल्याण और समाज की सुख-समृद्धि के लिए सद्भावना ज्योति जलाई जाती है। यह परंपरा पिछले 25 वर्षों से लगातार चल रही है। रेलवे क्षेत्र स्थित मां त्रिपुर सुंदरी मरीमाई मंदिर में पिछले 33 वर्षों से संतान प्राप्ति की कामना लेकर श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश जलवा रहे हैं। इस बार भी यहां ज्योति कलश जलाए जाएंगे।

## पीताम्बरा पीठ में होगा श्रीमद् देवी भागवत

इस वर्ष भी न्यायधानी के सुभाष चौक सरकण्डा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में चैत्र वासंती नवरात्र पर नौ दिवसीय 'श्रीमद् देवी भागवत कथा का संगीतमय' एवं 'नवरात्र उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।

भगवान भूतनाथ चन्द्रमौलेश्वर की कृपा और ब्रह्मलीन परमपूज्य श्री 108 श्री स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज के दिव्य आशीर्वाद से आयोजित इस महोत्सव का मार्गदर्शन पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज कर रहे हैं। उनके अनुसार यह महोत्सव मानव जीवन को भौतिकता से हटाकर आध्यात्मिकता की ओर ले जाने का एक स्वर्णिम अवसर है। यह महोत्सव गुरुवार 19 मार्च से आरंभ होकर शुक्रवार 27 मार्च महानवमी तक चलेगा। महोत्सव के पहले दिन अभिजीत मुहूर्त (दोपहर 11:36 से 12:36 के बीच) में 108 श्री मनोकामना घृत अखण्ड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। प्रथम दिन ही विधि-विधान से



ध्वजारोहण, श्री दुर्गा सप्तशती और श्रीमद् देवी भागवत पाठ का शुभारंभ होगा।संगीतमय भागवत कथा का रसपान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा व्यास आचार्य मुरारी लाल त्रिपाठी 'राजपुरोहित' कटघोरा-कोरबा कराएंगे। वहीं प्रतिदिन प्रातःकालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विभिन्न मनोहारी स्वरूपों में श्रृंगार, पूजन होगा। महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का 'श्रीसूक्त षोडश मंत्र' के साथ दूध की धाराओं से अभिषेक किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, सिद्धि विनायक श्री गणेश और श्री हनुमान का विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम को 'संत-वाणी' का रसपान श्रोताओं को प्राप्त होगा। 26 मार्च महाअष्टमी को शक्ति की विशेष आराधना की जाएगी। 27 मार्च महानवमीं पर कन्या पूजन के साथ भण्डारा, श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन होगा। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश के श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होने का आग्रह किया है।

**धर्म-क्षेत्र**

## पादुका पूजन कर शंकराचार्य का लिया आशीर्वाद

**बिलासपुर।** ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती 1008 का बुधवार को चकरभाठा भगवान श्री परशुराम भवन में अल्प समय के लिए आगमन हुआ।



जंहा समग्र ब्राम्हण समाज एवं समस्त सनातनी जन बोदरी के द्वारा आरती - पूजन किया गया, वंही कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी ने पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता विजय वर्मा, प्रमोद नायक, अभयनारायण राय, जितेन्द्र पांडेय, अर्जुन तिवारी, गौरव तिवारी, दीपांशु श्रीवास्तव, शैलेन्द्र जायसवाल, शिल्पी तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

**शिविर**

## अच्छे काम कर बुरे कर्मों के प्रभाव को कर सकते हैं कम





**बिलासपुर।** जिंदगी में अच्छे काम ही बुरे वक्त में हमारे काम आते हैं। जब हम परमात्मा को याद करते हैं तो हमें अच्छे काम करने का उत्साह आता है। जब हम अच्छे काम करते हैं तो अच्छे संस्कार बनते हैं और बुरे संस्कार अपने आप ही खत्म हो जाते हैं। अच्छे काम करके हम बुरे कर्मों के प्रभाव को कम कर सकते हैं। ये बातें माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमारीज़ के विख्यात मोटिवेशनल वक्ता प्रो. बीके ओंकार चंद भाई ने ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर सेवाकेंद्र पर खुशियां आपके द्वार विषय पर आयोजित 3 दिवसीय राजयोग मैडिटेशन शिविर के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि अच्छे काम कोई बड़े काम ही नहीं होते बल्कि छोटे-छोटे काम भी अच्छे हो सकते हैं। इसलिए छोटे-छोटे काम भी बड़ी ख़ुशी से करनी चाहिए।

**आयोजन**

## राधा-कृष्ण के साथ सदस्यों ने खेली फूलों की होली



**बिलासपुर।** श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता महिला मंडल ने होली मिलन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर किया गया। नन्हीं बालिकाओं ने राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की। राधा-कृष्ण और महिला मण्डल की सदस्यों के साथ फूलों की होली खेली गई। इस उत्सव भरी शाम का आगाज अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने किया। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की होस्ट सुधा साव, सुचित्रा साव, सुमन गुप्ता, उषा शाह, सविता गुप्ता, सीमा गुप्ता, नारायणी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, नेहा गुप्ता, सुधा गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता और लता गुप्ता ने शानदार प्रस्तुति दी। गेम की विजेताओं में मधु गुप्ता प्रथम, मंजू गुप्ता द्वितीय, शिल्पा गुप्ता तृतीय, मधु गुप्ता चतुर्थ व स्नेहा गुप्ता पांचवें स्थान पर रही।

**वेकैंसी**

## दक्षिण मध्य रेलवे में अप्रेंटिसशिप 2801 पदों पर शुरू हुई भर्ती

**बिलासपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। साउथ सेंट्रल रेलवे में अप्रेंटिसशिप के बंपर पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू किये गए हैं। 10वीं के साथ आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए आरआरसी एससीआर की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर




ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने एवं फीस जमा करने की लास्ट डेट 11 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही अभ्यर्थी ने संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया हो। अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र 15 साल से कम और अधिकतम आयु 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। ध्यान रखें कि आयु की गणना 11 अप्रैल 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

# प्रतिभागियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं टीम भावना को सुदृढ़ किया




**बिलासपुर।** शासकीय ई राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में भौतिकी विभाग की फिजिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान महोत्सव 'विज्ञानोवा का भव्य समापन हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस महोत्सव ने विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध आयामों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। तीनों दिनों तक चले इस आयोजन में शैक्षणिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। महोत्सव के प्रथम दिवस पर फन फेयर, ओपन माइक तथा विज्ञान आधारित अनेक रोचक खेलों का आयोजन किया गया, अपनी रचनात्मकता एवं प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस पर आयोजित मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत वैज्ञानिक मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही 'एग ड्रॉप चैलेंज' एवं 'ट्रेजर हंट' जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं टीम भावना को सुदृढ़ किया। इन गतिविधियों ने न केवल प्रतियोगिता का वातावरण बनाया, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया। यह संपूर्ण आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संपन्न हुआ। समापन समारोह का संचालन कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका शुक्ला द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया।

### विजेताओं को बांटे पुरस्कार

समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांग शिशु का जन्म कम करने चिकित्सकीय आध्यात्मिक उपाय पर देना होगा ध्यान



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम ने जागरूक परिवार स्वस्थ शिशु विषय पर परिचर्चा आयोजित की। इसमें डॉ भूमिका साहू ने कहा कि हमें समाज में दिव्यांग शिशु का जन्म दर कम हो, इसके लिए हम सबको मिलकर चिकित्सकीय व आध्यात्मिक उपाय दोनों पर ध्यान देना चाहिए। अंत में होली मिलन समारोह भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सक्षम के संरक्षक डॉ चरणजीत सिंह गंभीर एवं विश्व हिंदू परिषद बिलासपुर जिला के जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता उपस्थित रहे। परिचर्चा में भाग लेते हुए डॉ गौरी शंकर साहू, डॉ श्रुति थवाईत, डॉ मधु शर्मा ने भी अपने ज्ञानवर्धक विचार रखे। अंत में सक्षम के सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगा एवं होली गीत गाकर वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

इस अवसर पर सक्षम के अनूप पांडेय, अंजलि चावड़ा, रेखा गुल्ला, डॉ उषा, पूनम, राजेश, कल्याणी पांडेय, पार्वती साहू, अजय महावर, सोनिया सोनी, रामकली तिवारी, अन्नपूर्णा पवार, रजनी भारत, देव सिंह बंजारे, निर्मल कुमार, शेफाली घोष, अर्चना साहा, लक्ष्मी सोनी, तिजराम बघेल, गौरी, शीतला पटेल, सुरेखा भारती, लता निर्मलकर, उत्तरा नवरंग, मंजू यादव, कांति रजक, सीता साहू, सीता प्रधान, इच्छा मानिकपुरी, रत्ना सोनी, कल्पना पोरते, शुभेंदु साहा, भोलेनाथ, श्वेता कौशल, सरोज भोंसले, मीनाक्षी साहू सहित सक्षम के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

# राजपूत क्षत्रिय प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी एलिगेटर्स की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजपूत क्षत्रिय प्रीमियर लीग सीजन-2 का फाइनल मुकाबला रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ, जिसमें इमलीभाठा एलिगेटर्स ने तिफरा टाइटंस को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंततः इमलीभाठा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में तिफरा टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजों ने संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल नहीं हो सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इमलीभाठा एलिगेटर्स की टीम ने आक्रामक शुरुआत की और 13 ओवर में 4 विकेट खोकर 135 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के बल्लेबाज निलेश सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 100 रन की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया।



### क्षत्राणी वारियर्स टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता के अध्यक्ष मनोज तोमर ने बताया कि फाइनल मुकाबले से पहले सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष सद्भावना मैच भी आयोजित किए गए। इसमें समाज की बेटियों और 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सदस्यों ने भाग लिया। महिला वर्ग के मुकाबले में क्षत्राणी वारियर्स टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की, जबकि कुमारी छवि को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## खबर संक्षेप

### जपं सदस्य ने पीएचई विभाग को सौंपा ज्ञापन

**मल्हार।** मस्तूरी जनपद के क्षेत्र क्रमांक 17 के विभिन्न गांवो में गहराते पेयजल संकट को लेकर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने पीएचई विभाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि, विभागीय उदासीनता के चलते क्षेत्र में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि, गर्मी बढ़ते ही नल-जल योजनाएं और बोरवेल जवाब देने लगते हैं, जलस्तर नीचे चले जाने के कारण हालात गम्भीर हो जाते हैं, और लोगो को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है। खासकर ग्राम बकरकूदा में स्थिति बेहद गंभीर है, जहां ग्रामीणों को सुबह-सुबह पानी के लिए टिकारी और बूढ़ीखार जैसे दूसरे गांवों का सहारा लेना पड़ता है। ज्ञाप में मांग की गई है कि, क्षेत्र के ग्राम बिनैका, डंगनिया, मटिया, बूढ़ीखार, बकर कूदा, बैटरी, जैतपुर, सरसेनी, पथरताल, थेम्हापार, चकरबेढा जहां पानी किल्लत बनी हुई है। विभाग को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि तत्काल आने वाली भीषण जमी से पहले वाहन भेजकर सभी गांवों में हैंडपंपों और नल-जल योजनाओं की जांच व मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### अवैध महुआ शराब लहान जब्त

**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशों के अनुपालन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को आबकारी टीम ने आकस्मिक निरीक्षण करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम साल्हेघोरी में दबिश देकर आबकारी टीम ने लीला बाई भास्कर के कब्जे से लगभग 75 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में चौकी डिंडोरी थाना क्षेत्र के ग्राम झलरी निवासी छेदी सिंह साकत के पास से 10 लीटर हाथ से बनी महुआ शराब तथा 75 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस प्रकरण में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(1)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## जिला पंचायत पूर्व स्वीकृत कार्यों को पूरा कराने दे रहा जोर

# मनरेगा में इस माह से नए कार्यों की स्वीकृति बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत नए कार्य इस महिने स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। नए वित्तीय वर्ष अप्रैल से केन्द्र सरकार विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना लागू करने जा रही है, इसलिए जिला पंचायत द्वारा मनरेगा तहत पूर्व में स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने जोर दिया जा रहा है।

■ मनरेगा की जगह जी-राम-जी योजना होगी लागू

चालू वित्तीय वर्ष का मार्च आखिरी महिना चल रहा है, इसलिए जिला पंचायत ने मनरेगा अंतर्गत जिले में नए कार्यों की स्वीकृति इसी महिने से रोक दी है। क्योंकि नए वित्तीय वर्ष से नई योजना तहत कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। केन्द्र द्वारा मनरेगा की जगह नई योजना वीबी जी राम जी के लिए बजट प्रावधान कर दिया गया है इसलिए नए वित्तीय वर्ष अप्रैल माह से मनरेगा के बदले नई योजना वीबी जी राम जी को लागू कर दी जाएगी। यही वजह है कि मार्च महिने में मनरेगा अंतर्गत नए काम स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं और अब जो भी नए काम स्वीकृत होंगे वे सब नई योजना से किए जाएंगे। जिला एवं जनपद पंचायतों द्वारा मनरेगा तहत ग्राम पंचायतों में चल रहे पुराने कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने जोर दिया जा रहा है।



### जल्द पूरा कराना है काम

मनरेगा में अभी हम लेबर के मामले में प्रदेश में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं और करीब 50 हजार लेबर काम कर रहे हैं। 53 लाख मानव दिवस का लक्ष्य हमारे जिले ने प्राप्त कर लिया है। मनरेगा की जगह नई योजना आ रही है इसलिए मनरेगा के सब काम को जल्दी पूरा कराना है और इस माह से नए कार्यों की स्वीकृति भी बंद कर दी गई है।

-संदीप अग्रवाल
सीईओ, जिला पंचायत बिलासपुर

### नई योजना में 60-40 का अनुपात

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी नाम से नई योजना के लिए केन्द्र सरकार ने बजट में अपने हिस्से का 95,692 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान कर दिया है। इसमें राज्यों के हिस्से की राशि और जुड़ेगी। इस नई योजना में 60 व 40 प्रतिशत का रेश्यो रखा गया है। मतलब 60 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को लगानी पड़ेगी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा एक मांग आधारित योजना है जिससे ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही रोजगार के माध्यम से कार्य प्रदाय कराया जाता है, जिससे न केवल ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो पाता है, बल्कि रोजगार सृजन के साथ सार्वजनिक एवं निजी परिसंपत्तियों का सृजन किया जाता है।

### मनरेगा तहत चल रहे 6 हजार कार्य

बिलासपुर जिले में मनरेगा अंतर्गत वर्तमान में 400 से अधिक ग्राम पंचायतों में काम चल रहे हैं। लगभग 6 हजार कार्य चल रहे हैं, जिसमें जल संग्रहण एवं जल संरक्षण को प्राथमिकता के दृष्टिगत रखते हुए रिचार्ज पिट, चैकडेम, सैंडफिल्टर, डबरी निर्माण कार्य, नवीन तालाब निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, कच्ची नाली निर्माण कार्य, कूप निर्माण शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, उचित मूल्य दुकान निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत भवन आदि निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं।

### 100 की जगह वीबी जी राम जी में 125 दिनों का रोजगार

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, जबकि मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। सरकारी दावों के अनुसार पहले काम सीमित और अस्थाई थे जैसे गड्ढा खुदाई और अब तालाब, सड़क, गोदाम, जल संरचनाएं बनेंगी। इनसे गांव की अपनी संपति बनेगी और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही काम के साथ कौशल भी सिखाया जाएगा। इससे लोग सिर्फ मजदूर नहीं, कमाने वाले और आत्मनिर्भर बनेंगे। महिलाओं को एसएचजी के जरिए काम और नेतृत्व मिलेगा तथा स्किल सेंटर, शेड निर्माण और हाट जैसे कार्य भी किए जाएंगे। ग्राम पंचायत और ग्राम सभा मिलकर तय करेंगे कि गांव में कौन सा विकास कार्य होना चाहिए।



## दुर्गावती कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भर्रीडांड़

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही में 'भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान परिदृश्य में' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसका प्रायोजन रुसा 2.0 द्वारा किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ एसएल निराला प्राचार्य जमुना प्रसाद वर्मा महाविद्यालय बिलासपुर, डॉ राजकुमार सचदेवा प्राध्यापक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय बिलासपुर, डॉ मनोज कुमार वशिष्ठ सहायक प्राध्यापक इंदिरा गांधी विवि अमरकंटक आदि शामिल हुए। इस दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित संक्षेपिका का विमोचन मुख्य वक्ताओं एवं अतिथियों ने किया। इस संगोष्ठी में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, प्रतिभागी वक्ता तथा रानी दुर्गावती के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक प्राचार्य लोक सिंह, सह संरक्षक डॉक्टर पीके सिंह राणा, कार्यक्रम संयोजिका रूसा प्रभारी अंजना खरे गुप्ता, सहसहयोजक नरोत्तम लाल सोनल, सचिव उत्तम चंद्राकर, सहसचिव डॉक्टर नीरज खरे, कोषाध्यक्ष सूर्यभान सिंह पैकरा, पंजीयन प्रभारी हेमा पोर्ते, डॉक्टर अनुराधा शुक्ला सहित समस्त महाविद्यालयीन अधिकारी और कर्मचारियों का योगदान रहा।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**लोरमी।** पंडरिया मुख्य मार्ग रानीगांव में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से अक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात रानीगांव निवासी पवन निषाद पिता स्व माखन निषाद 24 वर्ष अपने घर जो रहा थ।



इसी दौरान रानीगांव के पास लोरमी-पंडरिया मुख्य मार्ग पर एक डम्पर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे टक्कर मार कर फरार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि, मौके पर ही युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस रात में घटना स्थल पहुंची एवं मृतक के शव का पंचनामा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरच्यूरी में सुरक्षित रखवाया गया। अगले दिन बुधवार को मृतक परिजन थाने पहुंचे और आवेदन देकर दुर्घटनाकारित वाहन को पकड़ने का निवेदन किया। इस दौरान परिजनों ने शव का पीएम कराने मना करते हुए मोहल्लेवासियों के साथ प्रदर्शन करने मुख्य मार्ग पर पहुंच गए। इस पर थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव एवं नायब तहसीलदार चन्द्रप्रकाश सोनी ने परिजनों को आश्वासन देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**मुंगेली।** जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि, इस परीक्षा में कुल 5 हजार 432 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से चयनित 40 छात्र-छात्राओं की अस्थाई सूची जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों के अभिभावक प्रवेश हेतु विद्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्पर्क कर सकते हैं। जारी सूची में जानवी साहू, अर्नव सोनी, खिलेश्वरी, निमिश साहू, निशा कुर्रे, आलिया बर्मन, प्रिंस टोंडे, आदर्श ध्रुव, दवेश देव बर्मन, धनंजय सिंह कुशराम, दलेंद्र, अक्षांश कुर्रे, साक्षी साहू, दीक्षा, चूड़ामणि साहू, गुलशन कुमार साहू, गौरव जोगवंशी, ताम्रध्वज, विनय चतुर्वेदी, मोक्षराज राजपूत सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सूची में मयंक साहू, राज यादव, रितुश्री, रागिनी साहू, योगेश कुमार, राजनंदनी साहू, मिथलेश यादव, सम्राट राजपूत, अनुप्रिया यादव, सुदीप चतुर्गोष्ठी, प्रज्ञा आनंद, दिपांशु टंडन, रिया खांडे, सौरभ कुर्रे, पियूष राज टंडन, हूमेश जोल्हे, नम्रता बंजारे, दीप्ति मरावी, गरिमा और अदिति ध्रुव चयनित हुए हैं।

## प्रेस क्लब बेलतरा ने मनाया होली मिलन



**बेलतरा।** खारंग जलाशय खूंटाघाट में 17 मार्च को बेलतरा प्रेस क्लब का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि अशोक धूलियानी संचालक तीवरता कोल वासरी, महेश तिवारी, रामदत्त गौरहा, सुनील श्रीवास धीरेंद्र सिंह परिहार, जागेंद्र कश्यप, भरत कश्यप, सुरेश कश्यप, कृष्ण कुमार यादव, उमेश साहू, लक्ष्मी जायसवाल, डॉ श्याम सोनी, डॉ राजेश दुबे, पदुम सिंह कोरम, प्रदीप पांडे, ओम गोस्वामी, सतीश यादव, संतोष (चिंटू) सोनी, गुरुदेव सोनी, विजय दानिकर राजेश जायसवाल थे। अध्यक्षता जिला महामंत्री जनक राम देवांगन ने की। कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। उमेश गौरहा ने अपने उद्बोधन में कहा प्रेस क्लब बेलतरा होली मिलन खारंग जलाशय के संगम में अर्थात बेलतरा, रतनपुर, सीपत तीनों प्रेस क्लब के संयुक्त उपस्थिति एक प्रकार की संगम ही है जो अपने आप में गौरव का विषय है। अशोक धूलियानी ने कहा बेलतरा प्रेस क्लब हमेशा एक अच्छे कार्य समय-समय पर करते रहते हैं और जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति होती रहती है जिससे क्षेत्र की समस्याएं भी समाधान होती रहती है। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य है। जनक राम देवांगन ने कहा कि प्रेस क्लब बेलतरा नवरात्रि के पूर्व आपसी सद्भाव का प्रतीक संदेश दिया है यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। प्रेस क्लब बेलतरा से राम रतन कौशिक, संतोष साहू, उमलेश जायसवाल, विजय साहू ,राधेश्याम कोरी, शेखर बैशवाड़े, मनोज निषाद, सुरेश कश्यप, पवन मिरी आदि मौजूद थे।

* **कोरबा।** एसईसीएल दीपका खदान में मंगलवार की रात दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां कलिंगा कंपनी में कार्यरत एक श्रमिक की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद बुधवार की सुबह से ही मृतक के परिजनों और साथी ड्राइवरों ने कलिंगा कंपनी के मुख्य द्वार को जाम कर दिया था और खदान का काम ठप्प कर दिया था। बाद में अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

## निधन

### बिंदु देवी मरदा



**बिलासपुर।** स्व. दामोदर प्रसाद मरदा की पत्नी श्रीमती बिंदु देवी मरदा का निधन हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को शाम 4 बजे उनके निवास मंगलम मरदा निवास, बृहस्पति बाजार के पास से मुक्तिधाम सरकंडा जाएगी। वे सुनील मरदा की मां थीं।

### देवेन्द्र वर्मा



**बिलासपुर।** आशाबन बिरकोना निवासी देवेन्द्र वर्मा का 54 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार की सुबह 9 बजे मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकलेगी। वे राजेश, महेन्द्र, शैलेन्द्र एवं दीपक वर्मा के भाई थे।

### पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** ढनढन निवासी पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर का 45 वर्ष की आयु में 18 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम ढनढन में किया गया। वे सेवा निवृत्त करारोपण अधिकारी झूल सिंह के पुत्र एवं बोनू ठाकुर के भाई थे।

## विस घेराव में जिले के कांग्रेस नेता हुए शामिल



**पेंड्रा।** मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित विधानसभा घेराव में जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान के साथ मनोज गुप्ता, शंकर पटेल, प्रशांत श्रीवास सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए मनरेगा के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर राकेश जालान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मुलाकात कर समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। विधानसभा घेराव में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे। मनोज गुप्ता के नेतृत्व में जिले के कांग्रेसजनों ने संगठित भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, मनोज साहू, विद्या राठौर, जैलेश सिंह और पूर्व मरवाही विधायक डॉ केके ध्रुव सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने संगठन की एकजुटता और विरोध की मजबूती को प्रदर्शित किया।

### निमोनिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य अफसरों को प्रशिक्षण

**मुंगेली।** जिले में बच्चों को निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'सांस' कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला मुख्यालय स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ शीला साहा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप जायसवाल तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ मणिलाल भास्कर ने सहभागियों को मार्गदर्शन दिया। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से आए सीएचओ को निमोनिया की रोकथाम, पहचान एवं प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में होने वाले निमोनिया के मामलों की शीघ्र पहचान कर समय पर प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान 'सांस' कार्यक्रम के उद्देश्यों, क्रियान्वयन प्रक्रिया, बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों की पहचान एवं उपचार के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित सीएचओ को निर्देशित किया कि, वे अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दें।



## बच्चों ने किया विभिन्न धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण



**तखतपुर।** विजडम द ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल जरौंधा में परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। इसके तहत बुधवार को विद्यार्थियों को विभिन्न धर्मों के धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को विविध संस्कृतियों एवं धर्मों के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाना था। भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा पहुंचकर संकीर्तन में भाग लिया तथा लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रमुख ने विद्यालय के इस पहल की बहुत सराहना की। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर एवं डायरेक्टर प्रिंसिपल ने उद्बोधन दिया। इसके पश्चात मस्जिद में जाकर बच्चों को कुसाई शाम सर द्वारा मुस्लिम धर्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आगे चर्च में जाकर विद्यार्थियों को जीसस क्राइस्ट के बताए गए प्रेम, शांति और सेवा के मार्ग से अवगत कराया गया। अंत में विद्यार्थियों ने राम मंदिर पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं श्रीरामचंद्रजी की आरती गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अजीत शुक्ल, डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ पूर्वा तिवारी, शिक्षक एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।विद्यालय की ओर से आयोजित इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**Name Change**

I, Rameshwar Pratap Singh S/O Alam Singh R/O H.No. 43, Bajarpara, Banja, Bhaiyathan, Dist. Surajpur (Chhattisgarh) - 497231 have changed the name of my minor son Khiyansh Singh aged 2 year and he shall hereafter be known as KHUSHMIT SINGH.

**Rameshwar Pratap Singh**
H.No. 43, Bajarpara, Banja, Bhaiyathan, Dist. Surajpur (C.G.) - 497231

**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

उ.प्र.क्र. 11/2024
आदेश दिनांक 07.03.2026
पेशी दिनांक 27.03.2026
प्रोसेस क्रमांक

श्रीमती संगीता गोड़ + 2 अन्य.....आवेदिकागण
विरूद्ध भारत संघ + 1 अन्य ......अनावेदकगण

इस न्यायालय में आवेदिकागण ने अनावेदकगण के विरूद्ध धारा 372 वास्ते उत्तराधिकार अधिनियम का आवेदन पत्र पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 27/03/2026 को है।

अनावेदकगण श्रीमती संगीता गोड़ + 2 अन्य विरुद्ध भारत संघ + 4 अन्य में श्रीमती पुष्पा गोड़ पति स्व. रोहन कुमार गोड़, उत्कर्ष कुमार गोड़ पिता स्व. रोहन कुमार गोड़, कु. श्रेया गोड़ पिता स्व. रोहन कुमार गोड़ अनावेदक क. 4 व 5 नाबालिग जरिये वली मां श्रीमती पुष्पा गोड़ सभी को उक्त आवेदन पत्र में कोई आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक 27/03/2026 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 27/03/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को हो जाएगी।

अतः आज दिनांक 18/03/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक-18/03/2026
(अंशुल मिंज)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 03.03.2026

आवेदक श्री निखिल धीरज आत्मज श्री सुकलाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम दोमुहानी थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी रेखा चौहान आत्मजा श्री सुखलाल उम्र 20 वर्ष निवासी वा.क्र. 18 देवरीखुर्द थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 13.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


निखिल धीरज


रेखा चौहान

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.**

मेघराज राय आ. पी.बी.राय निवासी रोहिणी विहार बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. .......अपीलार्थी
**विरूद्ध**
1. छ.ग. शासन,
2. करिश्मा आतिश देसाई, पति श्री आतिश देसाई, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. .....उत्तरवादीगण

रा.प्र.क्र. 202511071900015/अ-6(अ)
पेशी दिनॉक 27.03.2026

प्रकरण में अपीलार्थी मेघराज राय आ. श्री पी.बी.राय निवासी रोहिणी विहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा.बिलासपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202301072400180/अ-6(अ)/2022-23 पक्षकार मेघराज राय विरूद्ध छ.ग. शासन वगैरह में पारित आदेश दिनॉक 04.09.2025 से क्षुब्ध होकर छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अधीन अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनॉक 27.03.2026 को नियत है।

अतः उत्तरवादी क्रमांक 2 श्रीमती करिश्मा आतिश देवाई पति श्री आतिश देसाई निवासी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनॉक 27.03.2026 को समय 3:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनॉक 16 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(एस.एस.दुबे)**
**अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.कं. 20260325050003-2/2025-26
ग्राम अमलीकापा प.ह.नं. 5

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. भुवन राम पिता स्व. भूखन राम निवासी अमलीकापा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम अमलीकापा प.ह.न. 5 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 439/4 रकबा 0.3600 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 07/04/2026 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता विजय मोहन दुबे निवासी टीचर्स कालोनी छोटा बाजार चिरमिरी, जिला कोरिया के निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित कर रही हूं कि भू-भूस्वामी 1. मोहम्मद तौसीफ पिता मोहम्मद हसीब 2. जैनब वी, पति मोहम्मद हसीब के नाम मे दर्ज है। इकरारकर्ता संजय सिंह, पिता वीरेन्द्र सिंह निवासी ज्योतिपुर गौरेला 2. हाफीजुल असद सिद्दीकी, पिता श्री अब्दुल रज्जाक सिद्दीकी, निवासी वार्ड नम्बर-2 रेस्ट हाऊस रोड गौरला। इकरारकर्ता के स्वामित्व की भूमि, ग्राम साधवानी पटवारी हल्का नंबर 23 रा.नि. सारबहरा तहसील पेड्रारोड जिला गौरेला पेंड्रारोड जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के अंतर्गत स्थित ख.न. 266/31, 266/43, 266/53 कुल रकबा 8 एकड़ भूमि को क्रय कर रहा है जिसे भू स्वामी का फौती/नामांतरण लंबित है इसके निराकरण होने के उपरांत एवं मौका सीमांकन होने के बाद मेरे द्वारा रजिस्ट्री की जावेगी।

क्रेता विजय मोहन दुबे
निवासी टीचर्स कालोनी छोटा बाजार चिरमिरी, जिला कोरिया (छ.ग.)
भवदीय
अधिवक्ता संगीता तिवारी
मो. 9399700430

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता सोधीराम निवासी ग्राम गुड़ी प.ह.न. 05 रा.नि.म. सीपत तहसील मस्तूरी जिला-बिलासपुर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के माता सुकमत बाई की जन्म/मृत्यु दिनांक 16/02/2025 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने माता नाम सुकमत बाई पति सोधीराम का जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र की मांग किया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 01.04.2026 को अपना द्वावा आपत्ति उप-तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं म्याद वाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 17.03.26 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार बिलासपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना नोटिस**

प्रति, रमेश कुमार सोनी पिता श्री शिवबदन सोनी निवासी-चांटीडीह तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक/अ-6-अ/2025-26 में पक्षकार बहोरन धुरी पिता स्व. सोनाउ निवासी चांटीडीह बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा चांटीडीह स्थित भूमि खसरा नंबर 309/2 रकबा 0.0266 हे. भूमि को धारा 115 के तहत त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो कि उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 27/03/2026 को नियत किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य रूप से नियत किया गया है।

अतः आप उक्त सुनवाई दिनांक 27/03/2026 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/03/26 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

वाचक अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार रागिनी मिश्रा, उम्र 48 वर्ष, पति प्रवीण मिश्रा, निवासी-हनुमान मंदिर के पास, जबड़ापारा, सरकंडा, बिलासपुर, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमि स्वामी सौमेन्द्र नायक, उम्र 49 वर्ष, पिता निमाई चरण नायक, निवासी-म.नं.-सी-362, कोएल नगर, न्यू एन.ए.सी. ऑफिस राउरकेला, तह. व जिला-राउरकेला (उड़ीसा) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा-तिफरा, प.ह.नं.-40, रा.नि.म.-सिरगिट्टी, तह. व जिला-बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 1367/19, रकबा 2400 वर्गफुट जो कि राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है, उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया जाकर इकरारनामा दिनांक 13.03.2026 को निष्पादित किया गया है, जिसका विक्रय पंजीयन यथाशीघ्र किया जाना है।

अत: उक्त भूमि की रजिस्ट्री से यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्धशासकीय, निगम, निकाय को कोई आपत्ति हों तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक 17.03.2026
भवदीय
अखिलेश कुमार दुबे अधिवक्ता
जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827159940



**खबर संक्षेप**

### श्रमिक-कृषक जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए जनपर पंचायत अध्यक्ष



**बोदरी।** बिल्हा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसिया में भाजपा किसान मोर्चा की ओर से जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जपं अध्यक्ष बिल्हा डॉ रामकुमार कौशिक शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ कौशिक ने 'विकसित भारत जीरामजी' योजना के विषय में अपनी बात रखते हुए कहा कि, इसमें श्रमिकों को 100 दिन के कार्य को 125 दिन किया गया, तथा विभिन्न ग्रामीण विकास जैसे नाली निर्माण, पचरी निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, सीसी रोड निर्माण कार्य आदि अनेकों ग्राम पंचायतों में होगा। साथ ही डिजिटल पद्धति से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ अधिक पारदर्शी बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भाजपा महामंत्री सोमेश तिवारी, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश राजपूत, किसान मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश कौशिक, मंडल अध्यक्ष हरीश साहू, सहित बड़ी संख्या में श्रमिक, किसान और ग्रामवासी शामिल हुए।

### सड़कों से हटाया गया अतिक्रमण प्रशासन ने दी कार्रवाई की चेतावनी



**लोरमी।** नगर पालिका परिषद ने शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में मनियारी पुल से शुभ पेट्रोल पंप तक सड़क किनारे दुकानों की सीमा से बाहर रखी गई सामग्री, बोर्ड, फ्लैक्स, अस्थायी ढांचे एवं निर्माण सामग्री को हटाया गया। इस कार्रवाई में एसडीएम अजीत पुजारी, नगर पालिका सीएमओ चंदन शर्मा और प्रशासन की संयुक्त टीम शामिल थी। इस दौरान सड़क पर फैलाए गए सामान को हटाकर मार्ग को सुगम बनाया गया, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई तथा दुकानदारों को सामग्री दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर रखने की समझाइश दी गई।

### मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर मोदी की गारंटी अनुसार 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम एडिशनल कलेक्टर निष्ठा पांन्डेय तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला फेडरेशन संरक्षक अवधेश शुक्ला, जिला संयोजक जे एस ध्रुव, जिला उपसंयोजक बिन्दु भास्कर, जिला महासचिव एसए रिजवी, जिला प्रवक्ता अत्री प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, सह संयोजक आरके वैष्णव, छत्तीसगढ़-कर्मचारी कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी बंजारे, नगरीय निकाय डिप्लोमा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विद्या नंद यादव, नगरीय निकाय प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, जिला अध्यक्ष देवेंद्र देवांगन, पीएल दिवाकर, जेपी साहू विनोद राजपूत, धर्मेन्द्र निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, फूलचंद यादव, भोला देव ध्रुव, आकाश दत्ता, अरविंद पान्डेय, प्रतिक पांडेय, भुवन डिडोरे, राजेन्द्र कश्यप, संजीव द्विवेदी, अखिलेश शर्मा, महादेव यादव, खिलेश्वर दिक्षित, रवि सोनवानी, सियाराम साहू, कोयल भास्कर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मरवाही तहसील शाखा में मुख्यमंत्री मुख्य सचिव के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**मरवाहीं।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर संगठन की तहसील शाखा मरवाही ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर मांगों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। संरक्षक कमाल खान एवं तहसील संयोजक इंद्रपाल चंद्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि, फेडरेशन ने प्रथम चरण के आंदोलन के दौरान जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि, मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा आंदोलन के माध्यम से लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन मांगों का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों में काफी असंतोष है। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि संगठन ने उपरोक्त मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने अनुरोध किया है।

### सिलेंडर आपूर्ति को लेकर खाद्य विभाग ने जारी किया आदेश

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके परिपालन में खाद्य विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, गैस वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार, घरेलू गैस सिलेंडर के स्थान पर वाणिज्यिक सिलेंडर का उपयोग करने वालों पर सख्ती से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही जिले के सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्टॉक की नियमित समीक्षा करें और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराएं। आवश्यक होने पर पोर्ट लाइन के माध्यम से भी गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आज से चैत्र नवरात्रि का शुभांरभ, ज्योति कलश होंगे प्रज्वलित

# पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा, मंदिरों में उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नगर सहित अंचल के प्रमुख देवी मंदिरों व ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि पर्व का शुभारंभ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। वहीं कई स्थानों पर जंवारा बोए जाएंगे। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ शक्ति की आराधना के लिए उमड़ेगी।

इस अवसर पर परंपरागत ढंग से श्रद्धालु मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर पारिवारिक सुख समृद्धि की मंगलकामना की जाएगी। नवरात्रि में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही श्रीदुर्गा सप्तशती का अनुष्ठान भी शुरू होगा। वैदिक मंत्रेच्चार के बीच श्रद्धालु पूजन-अर्चन में शामिल होंगे। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा में विशेष रूप से बेलपत्र, दूर्वा, श्रीफल, सुपारी, पान, पंचमेवा, पंचामृत, चुनरी का विशेष महत्व है। नवरात्रि में घर व मंदिरों में शक्ति उपासना के लिए विशेष मुहूर्तों में घट स्थापित किए जाएंगे। महापर्व की



शुरूआत देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना से होगी। नगर के मध्य में स्थित महामाया मंदिर, दाऊपारा स्थित महामाया मंदिर, जय मां दुर्गा मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, सेतगंगा स्थित मां महामाया मंदिर, सुरदा स्थित महामाया मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां की जा रही हैं। नवरात्रि के दिन से हिन्दू नववर्ष भी मनाया जाता है, जिसके लिए समाज के लोग अपने-अपने स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर देते हैं। युवा वर्ग भी हिन्दू नव वर्ष मनाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। ज्योति कलश जलवाने वाले महामाया मंदिर दाऊपारा, सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, पानी टंकी स्थित मां अंगार मोती माता मंदिर एवं पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, करही स्थित दुर्गा मंदिर, हथनीकला अष्टभुजी दुर्गा मंदिर, लोहड़िया में महामाया मंदिर में तैयारियां चल रही है। मंदिरों के व्यवस्थापक एवं पुजारी नवरात्रि की व्यवस्था में जुटे हुए है।

### रतनपुर में 25 हजार ज्योति कलशों से जगमगाएगा महामाया का दरबार



**रतनपुर।** धर्म नगरी रतनपुर में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व गुरुवार से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया देवी मंदिर को लगभग 25 हजार दीपों से सजाया जाएगा, जिससे पूरा दरबार दिव्य रोशनी से जगमगा उठेगा। इसी के साथ हिंदू नव वर्ष का भी शुभारंभ हो रहा है।

मान्यता के अनुसार, चैत्र नवरात्रि देवी मां की पूजा-अर्चना का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु रतनपुर पहुंचकर मां महामाया के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 से 27 मार्च तक मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के प्रथम दिन से ही नव वर्ष की शुरुआत होती है और इसी दिन से नवरात्रि का पर्व भी आरंभ होता है। नवरात्रि के नौ दिनों को अत्यंत पवित्र माना गया है, जिनमें श्रद्धालु देवी के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश शर्मा ने बताया कि इस बार नवरात्रि के दौरान मनोकामना ज्योति कलश, मंगल कामना ज्योति, जवारा, आजीवन ज्योति कलश स्थापना, प्रसाद वितरण, निशुल्क भंडारा, दैनिक प्रसाद भोजन, जस गीत गायन एवं भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। दर्शन के लिए सुव्यवस्थित कतार, सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष ठाकुर स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि को लेकर पूरे रतनपुर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### सोंठी में 9 दिवसीय देवी भागवत कथा, शोभायात्रा आज

**सीपत।** चैत्र नवरात्रि के पर सीपत क्षेत्र का ग्राम सोंठी इस वर्ष आस्था, भक्ति और भव्यता का केंद्र बनने जा रहा है। यहां गुरुवार 19 मार्च से 27 मार्च तक भव्य देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है।

नवरात्रि के शुभारंभ अवसर पर सुबह 8:30 बजे 701 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। इसके साथ ही पूरे आयोजन के दौरान 500 से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे, जो वातावरण को भक्तिमय बना देंगे। ग्राम सोंठी में विराजित मां मन्त्रा दाई की लगभग 400 वर्ष पुरानी प्रतिमा क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि, मां मन्त्रा दाई निसंतान दंपत्तियों को संतान प्राप्ति का आशीर्वाद प्रदान करती हैं, जिसके चलते यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते



हैं। पूर्व में यहां पशु बलि की परंपरा प्रचलित थी, जिसे अब पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। वर्तमान में मंदिर का नवनिर्माण कर इसे एक व्यवस्थित एवं भव्य धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। आयोजन में राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी हेमलता शर्मा द्वारा संगीतमय शैली में देवी भागवत कथा का वाचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु नौ दिनों तक भक्ति रस में सराबोर रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में भव्य मंच का निर्माण किया गया है, जहां लगभग 10,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही लगभग 6 एकड़ क्षेत्र में मेला स्थल और पार्किंग व्यवस्था भी तैयार की गई है, जहां विभिन्न दुकानें और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में मां मन्त्रा दाई सेवा समिति एवं ग्रामवासी पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि, कार्यक्रम की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं और इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। चैत्र नवरात्रि के दौरान आयोजित यह देवी भागवत महापुराण और भव्य कलश यात्रा निश्चित ही ग्राम सोंठी को धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा, जहां दूर-दूर से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा।

### हिन्दू नववर्ष पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**सीपत।** हिंदू नववर्ष पर क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। यह भव्य शोभायात्रा सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर बिटकुला से प्रारंभ होगी। यात्रा मड़ई, खम्हरिया, लुतरा, धनियां, हिन्डाडीह, गुड़ी एवं सीपत सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी और अंत में कौड़िया शैलेश्वर महादेव मंदिर में इसका समापन होगा। शोभायात्रा के दौरान भगवा ध्वज, धार्मिक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा एवं भक्ति संगीत के साथ क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश प्रसारित करना है। इस आयोजन का नेतृत्व सम्राट विक्रमादित्य समिति सीपत के तत्वाधान में किया जा रहा है।

### चंडीदाई मंदिर में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत, तैयारी पूरी

**सीपत।** समीप के नरगोड़ा स्थित जय मां चंडीदाई मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।




यहां सैकड़ों की संख्या में घी व तेल के ज्योतिकलश प्रज्वलित किए जाएंगे। आयोजन की इसकी तैयारी में विजय भोंसले, त्रयंबकराव मगर, त्रिलोकीनाथ शर्मा, मनराखन यादव, घासीराम कैवर्त, शिवकुमार नुनिया, ब्रजभूषण नुनिया, राजेंद्र राव भोंसले, तारनगिरी गोस्वामी, फेंकू गढ़ेवाल, संतोष भारद्वाज, द्वारिका सांडे जुटे हुए हैं। पंडा के रूप में कमलराव पवार, रामनारायण साहू, मधु कैवर्त, प्रभाकर राव का योगदान रहेगा। आचार्य के रूप में पंडित जयकिशन, अशोक आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

### नवरात्रि को लेकर महामाया मंदिर में तैयारी पूरी

**तखतपुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर मां महामाया मंदिर तखतपुर में तैयारी पूरी कर ली गई है। नवरात्रि पर श्रद्धालुओं



द्वारा आस्था के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और इसके लिए मंदिर प्रबंध समिति की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से हो रही है, जो कि 27 मार्च तक चलेगा। मनोकामना पूर्ति हेतु श्रद्धालु मां महामाया मंदिर में श्रद्धा के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। 9 दिनों तक मां महामाया मंदिर में रात्रि में माता का दिव्य श्रृंगार किया जाता है, और इसके लिए देर रात तक भक्त दर्शन करने के लिए मंदिर में रहते हैं। प्रथम दिवस मां महामाया मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के पश्चात मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

### बेलपारा में अखंड नवधा रामायण, पहुंच रहे श्रद्धालु

**बेलतरा।** बेलपारा में अखंड नवधा रामायण के दूसरे दिन रामायण मंडली ग्राम हरनमुड़ी द्वारा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम



रामचंद्र के चरित्र का गुणगान किया गया। टीकाकार ने प्रवचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के बालकांड की कथा सुनाई। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम की पुष्प वाटिका की कथा सुनाई जहां प्रभु श्रीराम पहली बार माता सीता को देखते हैं। हारमोनियम पर कौशल कश्यप, टीकाकार भरत धीवर, तबला वादक नरेश कश्यप, राम रतन कौशिक, सुखदेव रजक एवं सहयोगी मंच पर विराजमान थे। रामायण मंडली कार्यकर्ता में राजेंद्र मरकाम, रमेश कश्यप, शिवकुमार नंदू, लीलाराम, राजकुमार, धर्मेंद्र, कांति, रामसिंह,राजेंद्र आयाम, महेंद्र कश्यप, राम सिंह मरपश्चि आदि उपस्थित रहे।

### नवरात्रि पर जलेंगे आस्था के दीप, मंदिरों में होगा पूजा-पाठ

**दगोरी।** चैत्र नवरात्रि पर क्षेत्र के माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। मावली माता मंदिर, ग्रामदेवता



महामाया माता चौरा, बाजार चौक दुर्गा मंदिर में पूरे पर्व पर सुबह-शाम आरती, रात में माता सेवा, जगराता, झांकी का आयोजन होगा। मावली माता मंदिर में 201 तेल ज्योति कलश, 11 घृत, तथा 15 मंगल जेवरा, ग्राम देवता माता चौरा महामाया मंदिर में 50 तेल ज्योति कलश, 2घृत ज्योत कलश तथा मंगल जेवरा साथ ही बाजार चौक दुर्गा मंदिर में 20 तेल ज्योति कलश व 102 मंगल जेवारा बोया जाएगा। आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है। चैत्र नवरात्रि पर 19 से 28 मार्च तक पटेल निवास हाई स्कूल के पास वार्ड 12 में जेवारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### किसानों को दी गई रबी फसलों की खेती जानकारी

**मल्हार।** बिलासपुर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित योजना समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन गेहूं अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन ग्राम पचपेड़ी में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रमुख चंद्र प्रकाश ने की, जिसमें उन्होंने प्रदर्शन से होने वाले लाभ व गेहूं के उत्पादन अधिक होने की सराहना की। संस्था प्रमुख डॉ गीत शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक व अन्य अधिकारियों ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए गेहूं में जल प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ सुप्रिया भारतीय ने प्रदर्शन की सराहना करते हुए गोल्डन नाम दिया, जो कृषक के लिए लाभदायक है। हेमकान्ति बंजारे ने गेहूं व अन्य रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण व उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी दी। जयंत साहू ने गेहूं में रोग व किट की पहचान तथा प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से कृषकों को जानकारी देकर जागरूक किया। पंकज मिनज ने बायोफोरटीफाइड किस्म से होने वाले फायदे व उक्त किस्म को लगाने की सलाह दी। कृषि विभाग के एके अहिरे ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी किसानों लाभ उठाने की अपील की।

### मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा जिला अस्पताल

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है।

इसी कड़ी में चिकित्सकों की सतर्कता और कुशल उपचार से कबीरधाम जिले के ग्राम प्रतातपुर की 80 वर्षीय आरती भास्कर का सफलतापूर्वक कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया। आरती ने बताया कि, करीब तीन माह पूर्व घर पर स्नान करते समय गिरने से उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी, जिससे वे लगातार बिस्तर पर थीं और चलने-फिरने में असमर्थ थीं। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय मुंगेली लाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी गई। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके रॉय ने बताया कि, 14 मार्च को अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में अनुभवी टीम द्वारा सफलतापूर्वक कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी की गई। इस सफल उपचार से न केवल मरीज को नया जीवन मिला, बल्कि उनके परिजनों में भी खुशी की लहर है। मरीज एवं उनके परिजनों ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और सेवा भाव की सराहना की है।

### अग्रसेन कॉलेज में दंत चिकित्सा शिविर, 68 लोग हुए लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान एवं त्रिवेणी डेंटल कॉलेज बिलासपुर के विशेष सहयोग से एक दिवसीय निशुल्क 'दंत स्वास्थ्य जागरूकता, जांच एवं उपचार शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ सावित्री त्रिपाठी ने विद्यार्थियों और स्टाफ को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में त्रिवेणी डेंटल कॉलेज बिलासपुर की एक विस्तृत चिकित्सा टीम उपस्थित रही, जिसका नेतृत्व मुख्य चिकित्सक डॉ अविक ने किया। उनके साथ डॉ आर्यन अग्रवाल, डॉ रीना लहरे एवं लगभग 10 से अधिक इंटर्न व अटेंडेंट की टीम ने अपनी सेवाए दी। शिविर में प्राचार्य सहित 42 छात्र-छात्राओं ने अपनी दांतों की जांच कराई एवं आवश्यक सलाह उनको दी गई। इसके अलावा महाविद्यालय के 25 प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भी इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी जांच व ट्रीटमेंट करा कर परामर्श लिया।

इस प्रकार कुल 68 लोग इस स्वास्थ्य शिविर से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए। अंत में प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी, कार्यक्रम के संयोजक यूथ रेड क्रॉस के प्रभारी प्रो एस के अग्रवाल एवं सहायोगी प्रो रूपेन्द्र साहू ने त्रिवेणी डेंटल कॉलेज की पूरी मेडिकल टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जन-कल्याणकारी शिविरों के आयोजन की बात कही। इस आयोजन में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो एमआर आगर, प्रो एके गिरी, प्रो पीएल पटेल, प्रो एमके उके, प्रो संजय भजनकर, प्रो आरपी शर्मा एवं बहुतायत मात्रा में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गौधाम संचालन, पशु प्रबंधन सहित अन्य बिदुओं पर हुई चर्चा

# पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु गौधाम समिति की बैठक

**मुंगेली।** जिले में गोवंशीय पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष धनेश साहू ने की। इस दौरान गौधाम संचालन, पशु प्रबंधन, अधोसंरचना विकास एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गौधाम हेतु स्थानों के चिन्हांकन, संचालन के लिए चयनित संस्थाओं के दायित्व, मानव संसाधन की व्यवस्था, चरवाहा एवं गौ सेवकों की नियुक्ति, पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम तथा चारागाह विकास जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गौधाम योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, यह योजना गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के साथ-साथ उनके संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि, इससे गोबर खाद सहित अन्य पशु उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कलेक्टर ने गौधाम संचालन में नियमित निरीक्षण, निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मानव संसाधन चयन एवं चारागाह प्रबंधन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों के समीप गौधाम विकसित करने पर भी जोर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पशुओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए टैगिंग व्यवस्था को आवश्यक बताया, ताकि पशुओं के प्रति क्रूरता करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने गौधामों में चारे की समुचित व्यवस्था तथा पैरा संग्रहण के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने की बात कही। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने कहा कि गौधाम योजना से पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ उचित व्यवस्थान सुनिश्चित होगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ आरएम त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि, गौधाम योजना के तहत निराश्रित पशुओं के लिए शेड, पानी, बिजली एवं चारागाह जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि, जिले में कुल 55 गौधाम के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से प्रथम चरण में 13 गौधामों के संचालन हेतु प्रस्ताव अनुमोदित कर आगे की कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है। बैठक में विभिन्न ग्रामों में आवश्यकता अनुसार गौधाम हेतु भूमि चिन्हांकन पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर गौधाम समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गांजा लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गांजा लेकर बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 3 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोनी थाना के एएसआई राजेशधर दीवान को सूचना मिली, रमतला खान में एक युवक प्लास्टिक की बोरी में गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ खार में घेराबंदी कर सेमरताल निवासी जितेन्द्र यादव पिता सोनसाय यादव को पकड़ लिया। बोरी की तलाशी लेने पर 3 किलो गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### कक्षा बारहवीं के छात्र ने कमरे में लगाई फांसी



**बिलासपुर।** कक्षा बारहवीं के छात्र ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मोबाइल में जब्त कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विजय त्रिपाठी ने बताया, गौरेला दर्री निवासी मुकेश सारथी पिता संतराम सारथी 17 साल मंझवापारा में किराए के रूम में रहकर कक्षा बारहवीं की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार की सुबह उनके रूम का दरवाजा नहीं खुला तो चाल में रहने वाले युवकों ने आवाज लगाई। उसके बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर युवकों ने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने दरवाजे के पोल से देखा तो मुकेश फांसी पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर अंदर गए। उसके बाद शव फंदा से उतारकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। अगल बगल रूम में रहने वाले युवकों ने बताया, रात में वह मोबाइल में बात कर रहा था। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### तेज आवाज में गाना बजाने पर डीजे वाहन जब्त

**बिलासपुर।** तेज आवाज में गाना बजाने पर पुलिस ने डीजे वाहन जब्त कर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। बेलगहना चौकी पुलिस को शिकायत मिली केबिनपारा में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर डीजे सहित वाहन जब्त कर संचालक लखोदन निवासी श्यामलाल यादव पिता गोविंदराम यादव के खिलाफ कोलाहल अधिनियम1985 के तहत कार्रवाई की गई है।

**तेजी से बढ़ेगा रेलवे नेटवर्क** | **खरसिया बिलासपुर से परमालकसा और बिलासपुर से पेंड्रा तक होगा काम**

# 8 हजार करोड़ में पांचवीं व छठवीं और 2000 करोड़ में बनेगी तीसरी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के लिए पांचवीं और छठवीं लाइन को रेलवे बोर्ड ने संेक्शन किया है। यह लाइन 8741 करोड़ रुपए की लागत से खरसिया से बिलासपुर, रायपुर और परमालकसा तक बनाई जाएगी, जिसमें लाइन ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। इसके साथ ही पेण्ड्रारोड से बिलासपुर तक तीसरी लाइन का काम 2000 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

रेलवे के अनुसार प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। खरसिया-परमालकसा पांचवीं और छठवीं लाइन देश के सबसे बड़े टॉप 10 प्रोजेक्ट में से एक है। इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे, जिसमें 21 स्टेशन बनाने के अलावा 48 बड़े ब्रिज, 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाई ओवर और 184 अंडरपास का निर्माण कार्य होगा। वहीं स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत न हो, इसके लिए पांच रेल फ्लाई ओवर भी निर्मित किए जाएंगे। इसमें 278 किलोमीटर का रूट है, रूट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाने का काम होगा। रूट निर्माण के बाद आठ से ज्यादा मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

रेल नेटवर्क निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल की बचत से 2500 करोड़ रुपए का राजस्व भी बचेगा। बलौदा बाजार और खरसिया जैसे सीमेंट उत्पादन के बड़े इंडस्ट्रियल हब भी इस नेटवर्क से जुड़ेंगे। दूसरी ओर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे अब बायपास पद्धति को अपना रही है। इसके तहत मालगाड़ी को शहर के बाहर से निकालने पर जोर दिया जा रहा है। यात्री गाड़ियों को शहर के अंदर एंट्री दी जाएगी। इस रेल लाइन निर्माण के दौरान भी इसपर पूरा फोकस रहेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत डोकर और कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाके भी रेल लाइन के जरिए जुडेंगे। इसके चलते दो करोड़ मैन डे जॉब क्रिएट होगा।

### पेण्ड्रारोड-बिलासपुर की लागत 2 हजार करोड़



इसी तरह एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत कटनी सीआईसी सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन का काम कम्पलीट कर दिया गया है। इसमें 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है। जिसके उपरांत अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तीसरी लाइन का काम किया जाना है। इस कार्य के लिए रेलवे बोर्ड ने 2 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए जाएंगे।

### टॉप 10 प्रोजेक्ट में से एक

इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। खरसिया-परमालकसा पांचवीं और छठवीं लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है। यह देश के सबसे बड़े टॉप 10 प्रोजेक्ट में से एक है। इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे, जिसमें 21 स्टेशन बनाने के अलावा 48 बड़े ब्रिज, 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाई ओवर और 184 अंडरपास का निर्माण कार्य होगा। स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत न हो, इसके लिए पांच रेल फ्लाई ओवर भी निर्मित किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट बहुत ही बड़ा है, जिसमें 278 किलोमीटर का रूट है। इस रूट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाने का काम होगा। रूट निर्माण के बाद आठ से ज्यादा मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। रेल नेटवर्क निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल की बचत से 2500 करोड़ रुपए का राजस्व भी बचेगा।

## ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रेलर पलटा





**बिलासपुर।** ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर राखड़ से भरा ट्रेलर सड़क पर पलट गया। सुबह सड़क पर भीड़ नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बुधवार की सुबह 5 बजे होटल डाउन टाउन के पास राखड़ से भरा ट्रेलर क्रमांक सीसजी 04 पीजी, 7502 का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क पर राखड़ फैल जाने से आवागमन बाधित हो गया था। सुबह ट्रैफिक कम होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जेसीबी की मदद से सड़क में फैले राखड़ को हटाया गया। वहीं क्रेन से ट्रेलर को सड़क किनारे किया गया। उसके बाद आवागमन शुरू हो पाया है। ज्ञात हो कि उस मार्ग में दिन में ट्रैफिक का दवाब अधिक होता है। ऐसे में उक्त ट्रेलर के पलटने पर बड़ा हादसा हो सकता था।

**घर व गांव में छाया मातम**

## भिक्षुक ने घर के पूजा कमरे में चाकू से अपना गला रेता, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीक्षा मांगकर जीवन यापन करने वाले ग्रामीण ने पूजा कमरे में चाकू से अपना गला रेत लिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई है। घटना से गांव में मातम छा गया है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, ग्राम जोंधरा निवासी चंदन नट पिता स्व. कार्तिक नट 45 साल गांव में भीक्षा मांगकर जीवन यापन कर रहा था। वह पूजा पाठ करने में लीन रहता था। 17 मार्च की शाम 7 बजे वह भीक्षा मांगकर घर लोटा और घरवालों से बातचीत करने के बाद पूजा कमरे में पूजा करने चले गया। बाद में उसकी बहू खाना खाने के लिए बुलाने पूजा रूम में गई तो चंदन नट खून से लथपथ तड़पता नजर आया, उसके पास चाकू पड़ा हुआ था, गले में चाकू से रेतने के गहरे निशान थे। आनन फानन में घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव घर लेकर आ गए। पूजा कमरे में चंदन नट की खून से लथपथ लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। 18 मार्च की सुबह एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह, पचपेड़ी पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई। एफएलएस एक्सपर्ट के द्वारा सुक्ष्मता से घटना स्थल व शव का परिक्षण किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### गांव के दुकान से खरीदा चाकू

17 मार्च को दिन भर भीक्षा मांगने के बाद शाम को घर लौटते समय चंदन नट ने घर के पास स्थित एक दुकान से नया चाकू खरीदा था। उसने पूजा कमरे में उसी नए चाकू से गला रेत लिया। इससे संभावना जताई जा रही है कि उसने पहले से खुदकुशी करने की योजना बना ली थी।

### पूजा रूम गला रेता

मृतक भीक्षा मांगता था। मंगलवार की शाम वह भीक्षा मांगकर घर गया पूजापाठ करने पूजा रूम में जाकर चाकू से गला रेत लिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई है। एफएसएल की टीम को बुलाकर जांच कराई गई। पीएम व एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मधुलिका सिंह** एडीशनल एसपी

# स्कूल जाने सड़क पार कर रहे मासूम छात्र को टक्कर मारकर बस खेत में घुसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर




स्कूल जाने साइकिल से सड़क पार कर रहे मासूम छात्र को यात्री बस के चालक ने टक्कर मार दी। उसके बाद बेकाबू बस अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई। सिम्स लाते समय रास्ते में छात्र की मौत हो गई।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, सांधीपारा निवासी जयवंत पटेल पिता राम किशोर पटेल 12 साल भेड़ीमुड़ा शासकीय स्कूल में कक्षा सातवीं का छात्र था। 18 मार्च की सुबह वह अपने साथी अनंत पटेल के साथ घर से अलग साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकला था। सुबह 7.40 बजे साधीपारा सत्या पेट्रोलपंप के पास जयवंत पटेल साइकिल से मुख्य मार्ग पार कर रहा था। इसी दौरान रतनपुर से पाली की ओर जा रही बस क्रमांक सीजी 12 एक्स, 0440 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए छात्र को टक्कर मार दी। उसके बाद बेकाबू बस अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई, जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल मासूम छात्र को लोगों के द्वारा रतनपुर अस्पताल ले जाया गया। उसकी स्थिति को देखते सिम्स रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा एम्बुलेंस से मासूम छात्र को इलाज के लिए सिम्स लेकर आ रहे थे, किन्तु रास्ते में छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने भाई नारायण पटेल की रिपोर्ट पर बस जब्त कर फरार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 व मोटर व्हीकल एक्ट 184 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### घर में छाया मातम

मृतक 6 भाईयों में सबसे छोटा था। हादसे में उनकी मौत की खबर आने से घर व आसपास क्षेत्र में मातम छा गया। घर के सामने लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और सभी आंखे नम हो गई थी। सड़क हादसे को लेकर गामीण आक्रोशित नजर आए।

## खुली नाली में बाइक सहित दो युवक गिरे निगम की लापरवाही का नतीजा



**बिलासपुर।** निगम की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नाली में ढक्कन नहीं होने के कारण कश्यप कॉलोनी में दो युवक बाइक सहित गिर गए, हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है।कश्यप कॉलोनी गली नंबर 3 में बुधवार की रात 8:00 बजे दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 11 ए जेड 0225 से जा रहे थे। ये बाइक सहित नाली में जा गिरे, दुर्घटना में घायल एक युवक इलियास कुर्रे की हालत गंभीर हो गई, उसे सिर व पैर में चोट लगी है। मोहल्ले वालों ने उसे सिम्स में भर्ती कराया है। वही दूसरे युवक को मामूली चोट पहुंची है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक में सवार होकर बस स्टैंड से कश्यप कॉलोनी होते हुए अपने घर जा रहे थे। रात के अंधेरे में खुली नाली में उनकी बाइक सीधे अंदर घुस गई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाली में कांक्रीट के ढक्कन लगाने के लिए कई बार जोन कमिश्नर और निगम अधिकारियों को सूचना दी गई है, लेकिन इसके बाद भी ढक्कन नहीं लगाया गया है। इससे कई बार रात के अंधेरे में दुर्घटना होती है।

## हिंदू संगठन का नेता गिरफ्तारी देने सरणकडा थाने पहुंचा, नहीं हुई गिरफ्तारी



**बिलासपुर।** हिंदू संगठन का नेता भारी भीड़ के साथ गिरफ्तारी देने के लिए सरकण्डा थाने पहुंचा। एक घण्टे तक गिरफ्तारी देने हंगामा मचाया, लेकिन पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी नहीं करने पर भीड़ लौट गई।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, एक पखवाड़े पहले हिंदू संगठन के नेता ठाकुर राम सिंह के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। उक्त मामले में गिरफ्तारी देने के लिए 18 मार्च को दोपहर 1 बजे ठाकुर राम सिंह भीड़ के साथ सरकण्डा पहुंचा।

एक घण्टे तक गिरफ्तारी करने के लिए जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी नहीं करने पर एक घण्टे बाद भीड़ लौट गई। टीआई आर्या ने बताया, मामले की जांच पूरी नहीं होने के कारण गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# 15 से अधिक वार्डों में पानी का संकट फिर गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के 15 से अधिक वार्डों में पानी का संकट एक बार फिर गहरा गया है। दरअसल अशोक नगर स्थित पाइप लाइन के ज्वाइंट में फिर से लीकेज आने के कारण पिछले दो दिनों से शाम को पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि देर शाम इसकी रिपेयरिंग कर दी गई। देखा जाए तो पिछले दो महीने में यह पांचवी बार है जब यह पाइप लाइन फूटी है। इन 6 दिनों में 35 दिनों से अधिक पानी की सप्लाई बाधित हुई है।

- **अशोक नगर स्थित पाइप लाइन के ज्वाइंट में लीकेज से परेशानी**

शहर में अमृत मिशन योजना में बार-बार तकनीकी परेशान आ रही है। अशोक नगर में 20 दिन पहले कोलकाता से मंगाकर मैकेनिकल जॉइंट लगाया गया है, जिसमें फिर से पानी लीकेज होने लगा। नगर निगम जल विभाग के इंजीनियरों ने हालांकि सुधार का दावा किया है। इस दौरान पिछले दो दिनों से सैकड़ों घरों में पानी नहीं आया। गौरतलब है कि जनवरी में बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के चेंबर का वाल्व भी पानी के अधिक प्रेशर के चलते फट गया था। उस समय रिपेयरिंग कर नया चेंबर तैयार कराया गया। इसके बाद जब सिस्टम को दोबारा चालू करने की कोशिश की गई, तो तो अशोक नगर क्षेत्र में मेन पाइप लाइन टूट गई। दूसरी ओर अशोक नगर में अब तक पांच बार पाइप लाइन टूट चुकी है। हर बार मरम्मत कर ट्रायल किया जाता है और हर बार कुछ न कुछ समस्या आ जाती है। बीते 26 फरवरी को नया मैकेनिकल ज्वांइट लगाया गया था। इसे कोलकाता से आने में 41 दिन लग गया। इसे लगे हुए करीब 20 दिन ही हुए हैं और फिर से इसमें लीकेज आ गया।

### 35 एमएलडी पानी की सप्लाई रोजाना

गौरतलब है कि अमृत मिशन योजना के तहत खूंटाघाट से रोजाना 35 एमएलडी पानी की सप्लाई शहर के 22 टंकियों में हो रही है। इनमें से चार पानी टंकियां नगर निगम के लिए बड़ी समस्या बन गई हैं। तोरवा, तारबाहर, चांटीडीह और पीटीएस क्षेत्र की अमृत मिशन योजना की टंकियों को भरने के लिए निगम के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। इन टंकियों को सिर्फ अमृत मिशन की सप्लाई से ही भरा जा सकता है। अमृत मिशन से जब नियमित पानी की आपूर्ति होती है, तब तक स्थिति सामान्य रहती है, लेकिन जैसे ही किसी कारण से सप्लाई रुकती है, इन इलाकों में पानी की समस्या हो जाती है।

## वाहन चेकिंग के दौरान नशे में धुत युवती ने मचाया हंगामा, स्कूटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान नशे में धुत स्कूटी सवार युवती ने कार्रवाई किए जाने पर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए स्कूटी जब्त कर लिया है।

मंगलवार की रात में सिविल लाइन थाना के एसआई ओमप्रकाश कुर्रे बल के साथ राजीव गांधी चौक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। वाहनों को रोककर चालकों की ब्रीद एनालाइजर से जांच की जा रही थी। शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन जब्त कर कार्रवाई की जा रही थी। रात 10.30 बजे महाराणाप्रताप चौक की ओर से आ रही स्कूटी सवार युवती सड़क पर पुलिसकर्मियों को खड़े देखकर भागने की कोशिश करने लगी। इसी दौरान वह स्कूटी सहित गिर गई। पुलिसकर्मी उसे उठाने गए तो उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगी। पुलिस ने ब्रीद एनालाइजर में फूंक मारने को कहा तो वह बीच सड़क में हंगामा मचाने लगी और पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी करने की कोशिश करने लगी। काफी मशक्कत के बाद ब्रीद एनालाइजर में उसने फूंक मारा तो शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत कार्रवाई करते हुए स्कूटी को जब्त कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411